


दैनिक माधव संदेश
पल-पल की खबर हर पल

माधव संदेश
ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है
संपर्क करें
9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-179 | इटावा, शनिवार 29 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


संक्षिप्त समाचार

## अतीक के बहनोई और उसकी बेटी को उठा ले गई यूपी पुलिस

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में फिर माफिया अतीक अहमद का परिवार चर्चा में है। अतीक के बड़े बहनोई को हिरासत में लिए जाने का मामला सामने आया है। पिछले दिनों उमेश पाल केस में प्रयागराज पुलिस ने रिमांड होम में रखे गए अतीक के नाबालिग बेटों को भी आरोपी बनाया है। दोनों पर उमेश पाल की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। वहीं, अतीक की बड़ी बहन शाहीन अहमद के पति डॉ. मोहम्मद अहमद को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। अतीक के वकील का दावा है कि बहनोई और उसकी बेटी जेबा अहमद को पुलिस अपने साथ ले गई है।

## अलम के जुलूस में करंट दौड़ने से चार लोग झुलसे

**संभल।** संभल में हजरतनगर गढ़ी गांव में रेलवे ट्रैक से अलम का जुलूस निकालते समय ओवरहेड इलेक्ट्रिसिटी (ओएचई) की चपेट में आने से चार लोग झुलस गए। अलम के जुलूस में करंट दौड़ने से हुए हादसे से अफरातफरी मच गई। दो की हालत गंभीर होने पर संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हजरत नगर गढ़ी में 8वीं मोहर्रम के जुलूस में शामिल 4 अलमदार रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय अलम पर उतरे करंट की चपेट में आकर झुलस गए। बताते हैं कि जुलूस में सैकड़ों की तादाद में अलमदार शामिल थे। दोपहर बाद अलीनगर के अलमदार भी हजरत नगर गढ़ी के आलम के जुलूस में शामिल हो गए।

## विक्रम बराड़ की कस्टडी को लेकर पंजाब पुलिस व एनआईए दो धड़ों में बंटी

**नई दिल्ली।** विक्रम बराड़ की कस्टडी को लेकर पंजाब पुलिस व एनआईए दो धड़ों में बंटती नजर आ रही है। यही वजह है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ का खास एसोसिएट विक्रम बराड़ को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तरफ से डिपोर्ट करने के मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। जिसमें एनआईए और पंजाब पुलिस दो धड़ों में बंटती नजर आ रही है। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल होने के दावे पर पंजाब पुलिस और एनआईए की जांच में कई चीजें सामने आ रही हैं।

## कांवड़ियों' के भेष में आए युवकों ने गैंगस्टर को गोली मारी

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में कांवड़ियों' के भेष में आए युवकों ने 30 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित एक गैंगस्टर की मंदिर के पास गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि जमशेदपुर निवासी अमरनाथ सिंह सावन के महीने में बासुकीनाथ मंदिर में दर्शन के लिए दुमका पहुंचा था, तभी अज्ञात बंदूकधारियों ने अमरनाथ को बहुत करीब से गोली मार दी। यह घटना गुरुवार देर रात करीब 12.45 बजे नंदी चौक के पास हुई।

# भोपाल में महिला पुलिस कर्मियों को मिली 250 स्कूटी, सीएम शिवराज सिंह चौहान की घोषणा, मप्र पुलिस में महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण



संवाददाता ■ भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा की है। वे लाल परेड मैदान स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित महिला पुलिस कर्मचारियों को स्कूटर वितरण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पुलिस विभाग में 30 प्रतिशत पदों पर महिलाओं की भर्ती होगी। इससे महिलाओं खासकर जो पुलिस की तैयारियां कर रही हैं, उनमें खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आधी आबादी को न्याय के बिना न देश आगे बढ़ सकता है और न प्रदेश आगे बढ़ सकता है, इसलिए मैंने तय किया है कि पुलिस विभाग में 30 प्रतिशत बेटियों की भर्ती अनिवार्य होगी, सीएम ने कहा आज पुलिस विभाग में कार्य करने वालीं बेटियां पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना उत्तरदायित्व निभाकर स्वयं को सिद्ध कर रही है। इस अवसर पर सीएम शिवराजसिंह चौहान ने कहा यह जो पुरुष प्रधान समाज है, उसकी व्यवस्था से कई बार मन दुख और पीड़ा से भर जाता है।

### मां, बहन-बेटियों को बराबरी को बराबरी पर लाना है

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, बहन-बेटियों के साथ दुराचार करने वालों को मप्र में फांसी देने का फैसला किया, उनकी अवैध संपत्ति पर बुलडोजर भी चलाए। जब तक मां, बहन-बेटियों को बराबरी पर लाकर खड़ा नहीं कर देते, चैन की सांस नहीं लेंगे, यह तो मेरा संकल्प है उसमें सुरक्षा सबसे बड़ा संकल्प है। आज जब हमारी ये पुलिस की वर्दी में बेटियां निकलेंगी तो बहनों, बेटियों महिलाओं को यह एहसास कराएंगी कि, चिंता मत करो हम तुम्हारे साथ हैं। आत्मविश्वास आएगा, अपराधियों में भय पैदा होगा और महिलाओं के प्रति अपराधों को हम पूरी तरह से नियंत्रित करेंगे।

# पहली बार सिंधिया पहुंचे संघ कार्यालय

## वरिष्ठ प्रचारक श्रीधर पराड़कर से बंद कमरे में की चर्चा, बोले-वो एक इंस्टिट्यूशन है



सीवर चेंबर में लापरवाही से उतारने पर जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारी विक्रम व अमन के घर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया।

संवाददाता ■ भोपाल/ग्वालियर

ग्वालियर अपने तीन दिवसीय प्रवास पर आए केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार सुबह पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नई स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अखिल भारतीय परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्रीधर पराड़कर से चर्चा की। दोनों ने करीब आधा घंटे तक बंद कमरे में गहन मंत्रणा की है। अंदर क्या चर्चा हुई है और किस विषय पर हुई है यह पता नहीं चला है। पर बाहर आकर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा है कि श्रीधर पराड़कर अपने आप में एक इंस्टिट्यूशन हैं। मेरी उनसे औपचारिक मुलाकात थी। बहुत दिनों से उनसे मिलने की इच्छा हो रही थी। मेरा, श्रीधर पराड़कर से परिवारिक संबंध रहा है। वह मेरी अम्मी आजी के समय से परिवार के करीब रहे हैं।

सिंधिया ने कहा-पुरानी यादें साझा की हैं हमनें

संघ कार्यालय में वरिष्ठ प्रचारक श्रीधर पराड़कर से मुलाकात के बाद सिंधिया काफी जोश में नजर आए। उनका कहना था कि उनके साथ अच्छी चर्चा हुई है। चर्चा के दौरान कुछ पुरानी यादें हमने एक दूसरे से साझा की हैं, लेकिन सिंधिया के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पहुंचने के बाद कई तरह की अटकलें लग रही हैं। इससे पहले भी सिंधिया एक बार संघ कार्यालय ऐसे ही पहुंचे थे। तब भाजपा की सदस्यता लेने के बाद वह संघ कार्यालय पहुंचे थे।

### सिंधिया ने कांग्रेस पर साधा निशाना

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि जिस पार्टी ने किसानों के साथ पूर्ण रूप से वादाखिलाफी की हो। पूर्ण रूप से उन्हें नष्ट करने का काम किया हो और झूठे वायदे दिए हो। उस पार्टी को देखने को मेरा अन्नदाता तैयार नहीं है, मेरा पूर्ण विश्वास है। इसलिए अब उन पर कुछ और नहीं कहूं तो ज्यादा अच्छा रहेगा। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से जब मध्य प्रदेश में बार-बार केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर बातचीत की गई तो सिंधिया का कहना था कि अमित शाह ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी ली है।

### सिंधिया लगातार संघ कार्यालय जा रहे हैं

सिंधिया से चर्चा के संबंध में श्रीधर पराड़कर का कहना था कि यह एक सामान्य भेंट थी। ग्वालियर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बन रहे हिंदी भवन के भूमिपूजन अवसर पर सिंधिया की मुझसे से मुलाकात हुई थी। तब उन्होंने मुझसे मिलने की बात कही थी। उसके बाद जब भी सिंधिया ग्वालियर आए यह मुलाकात नहीं हो पा रही थी। सिंधिया से मुलाकात के समय संघ कार्यालय में संघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इससे पहले जब सिंधिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी तब वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर स्थित मुख्यालय में भी पहुंचे थे।

# भोपाल-उज्जैन में तेज बारिश

## बैतूल के मुलताई में चेक डैम फूटा

संवाददाता ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में शुक्रवार को राजधानी भोपाल समेत उज्जैन, इंदौर और सिवनी समेत कई जिलों में जमकर बारिश हुई। उज्जैन में दिनभर में 3 इंच बारिश दर्ज की गई। सिवनी में करीब 2 इंच पानी गिरा। शुक्रवार को पचमढ़ी में 28 मिमी, शिवपुरी में 20 मिमी, गुना में 20 मिमी, रायसेन में 19 मिमी, सागर में 15 मिमी, दमोह में 12 मिमी, रतलाम में 11 मिमी, इंदौर में 8.8 मिमी बारिश हुई। वहीं, धार, बैतूल, सीधी, जबलपुर, मलांजखंड, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम और भोपाल में भी बारिश हुई।

### बड़वानी में नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

कई इलाकों में नदी-नाले उफान पर है। बड़वानी में नर्मदा नदी खतरे के निशान से 7 मीटर ऊपर बह रही है। राजघाट का पुराना पुल डूब चुका है। घाट के ऊपर बने दत्त मंदिर के अंदर तक पानी पहुंच गया है। बैतूल जिले के मुलताई ब्लॉक में वर्धा के 6 और चन्दोरा डैम के सभी 8 गेट खोल दिए गए। इससे पहले जिले के सिलादेही गांव में गुरुवार रात तेज बारिश के बाद शुक्रवार सुबह चेक डैम फूट गया। वहीं, पारसडोह डैम के दो गेट को दो मीटर तक खोल दिया गया है।

# दिल्ली सरकार ने घर-ऑफिस में मच्छर मिलने पर जुर्माना बढ़ाया

एजेंसी ■ नई दिल्ली



दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच शुक्रवार को मच्छरों की ब्रीडिंग मिलने पर लगने वाला जुर्माना बढ़ा दिया गया है। दिल्ली सरकार ने आदेश जारी कर कहा कि अब जांच के दौरान घरों में मच्छरों की ब्रीडिंग मिलने पर 1 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। वहीं, कमर्शियल जगहों में मिलने पर 5 हजार का जुर्माना देना पड़ेगा। इससे पहले, मच्छरों की ब्रीडिंग मिलने पर 500 रुपए का जुर्माना देना पड़ता था। दरअसल, डेंगू की रोकथाम को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में यह फैसला लिया गया। 24 जुलाई को जारी नगर निकाय की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 22 जुलाई तक दिल्ली में डेंगू के कुल 187 मामले सामने आए हैं, जो 2018 के बाद से इस टाइम पीरियड् में सबसे ज्यादा हैं।

# मणिपुर हिंसा : सीबीआई ने तेज की मणिपुर हिंसा की जांच

**नई दिल्ली।** लगभग तीन महीने से मणिपुर हिंसा को लेकर जारी बवाल के बीच सीबीआई ने मामले की जांच तेज कर दी है। जिसके बाद अब ताबड़तोड़ आरोपियों की गिरफ्तारी का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। सीबीआई ने इस मामले में कुल 6 एफआईआर की थी, जिसके बाद अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये सभी 10 गिरफ्तारियां अलग-अलग समय में अलग-अलग जगहों से हुई हैं। बता दें कि वायरल वीडियो मामले की जांच को सीबीआई ने ऑफिशियली अपने हाथ में नहीं लिया है। वायरल वीडियो मामले में मणिपुर पुलिस ने वीडियो में दिख रहे 8 लोगों को गिरफ्तार किया था।




# बिहार में बच्ची का गैंगरेप, मर्डर, 10 फीट नीचे दफनाया: 6 गिरफ्तार, आरोपी के घर आगजनी और तोड़फोड़

एजेंसी ■ बेगूसराय

बेगूसराय में 10 साल की बच्ची का शव पड़ोसी के बेसमेंट से मिला है। शव को 10 फीट गड्डा खोदकर दफनाया गया था। परिवार का आरोप है कि बच्ची के साथ गैंगरेप किया गया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही रेप की पुष्टि की जा सकती है। 24 जुलाई को बच्ची पड़ोसी गुड्डु सिंह (47) के घर मेहंदी के पत्ते तोड़ने गई थी। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। 27 जुलाई की शाम को पुलिस ने आरोपी के घर से शव बरामद किया था। मामला बछ्वारा थाना इलाके का है। घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी के घर में आग लगा दी और तोड़फोड़ की है। एक कार को भी आग के हवाले किया गया है।



इसी घर के बेसमेंट से बच्ची का शव मिला था। गुस्साए लोगों ने इसे आग के हवाले कर दिया।

# भीमा कोरेगांव केस: सुप्रीम कोर्ट ने 5 शर्तों के साथ 2 आरोपियों को 5 साल बाद जमानत दी



एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव केस में 28 जुलाई को दो आरोपियों वेरनन गोंजाल्वेस और अरुण फरेरा को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों आरोपियों को कस्टडी में 5 साल हो चुके हैं। उन पर गंभीर आरोप हैं, लेकिन केवल इस आधार पर उन्हें जमानत देने से इनकार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले की सुनवाई की। द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, गोंजाल्वेस और फरेरा को 2018 में मुंबई की तलोजा जेल भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत नामंजूर होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। दोनों ने कहा था कि हाईकोर्ट ने उनकी बेल एप्लीकेशन को खारिज कर दिया, जबकि सह-आरोपी सुधा भारद्वाज को जमानत दे दी।

### सुप्रीम कोर्ट की 5 शर्तें

- दोनों आरोपी महाराष्ट्र नहीं छोड़ सकते हैं।
- दोनों आरोपियों के पास एक-एक मोबाइल रहेगा।
- मोबाइल फोन कभी स्विच्ड ऑफ नहीं होगा।
- अपनी लोकेशन भी हमेशा ऑन रखेंगे।
- आरोपियों का फोन इस केस के इंचार्ज एनआईए अफसर से पेयर रहेगा।

# मणिपुर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली:-I.N.D.I.A. के 20 सांसद मणिपुर जाएंगे, सुको के रिटायर्ड जज से जांच की मांग

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विपक्षी पार्टियों के दल I.N.D.I.A. के 20 सांसद इसी हफ्ते वीकेंड पर मणिपुर जा रहे हैं। ये लोग राज्य में हालात का जायजा लेंगे और वहां से लौटकर सरकार और संसद से मणिपुर समस्या के हल को लेकर सिफारिश करेंगे। वहीं, सांसदों के दल के दल के मणिपुर जाने से पहले लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने मणिपुर मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से कराने की मांग की है। गोगोई के मुताबिक- भाजपा चाहती है कि मणिपुर में सब अच्छा-अच्छा ही दिखाया जाए, लेकिन वहां लगातार हिंसा हो रही है। इसलिए हम चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जांच करें कि कैसे वहां राज्य सरकार नाकाम रही। वहां लोगों को इतनी तादाद में हथियार कहां से मिले और प्रशासन क्या कर रहा है।



### ये 20 सांसद जा रहे मणिपुर

- अधीर रंजन चौधरी- कांग्रेस
- गौरव गोगोई- कांग्रेस
- सुष्मिता देव- टीएमसी
- महुआ माझी- जेएमएम
- कनिमोझी- डीएमके
- मोहम्मद फैजल- एनसीपी
- जयंत चौधरी- आरएलडी
- मनोज कुमार झा- आरजेडी
- एनके प्रेमचंद्रन- आरएसपी
- टी थिरुमावलन- वीसीके
- राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह- जेडीयू
- अनील प्रसाद हेगड़े- जेडीयू
- एए रहीम- सीपीआई-एम
- संतोष कुमार- सीपीआई
- जावेद अली खान- सपा
- ईटी मोहम्मद बशीर- आईएमएल
- सुशील गुप्ता- आप
- अरविंद सावंत- शिवसेना (उद्धव गुट)
- डी रविकुमार- डीएमके
- फूलो देवी नेताम- कांग्रेस

# भारत में सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनियों को 50 फीसदी वित्तीय सहायता दी जाएगी: पीएम मोदी

एजेंसी ■ गांधीनगर



प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर में सेमीकॉन इंडिया 2023 सम्मेलन में भारत में आने और निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि जो कोई भी आगे आएगा उसे पहले प्रस्तावक का लाभ मिलेगा। पीएम मोदी, सेमीकॉन इंडिया कॉन्फ्रेंस 2023 को संबोधित करते हुए गुजरात के गांधीनगर में आयोजित बैठक में निवेशकों से कहा गया, आपको भारतीयों के लिए चिप बनाने का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा। मेरा मानना है कि जो कोई भी आगे आएगा उसे पहले प्रस्तावक का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जाएगी। मोदी ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योगों के लिए लाल कालीन बिछा दिया है। गांधीनगर में सेमीकॉन इंडिया 2023 सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए, मोदी ने कहा कि भारत देश में सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास के लिए एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित कर रहा है। मोदी ने कहा हम सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रोत्साहन की पेशकश कर रहे थे। इसे बढ़ा दिया गया है, और अब प्रौद्योगिकी फर्मों को भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता मिलेगी।

# विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर तुरंत चर्चा के लिए अड़ा: लोकसभा में मणिपुर पर जवाब दो के नारे लगे, राज्यसभा में सभापति-टीएमसी सांसद के बीच बहस

एजेंसी ■ नई दिल्ली

लोकसभा और राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे को लेकर गतिरोध जारी है। मानसून सत्र के सातवें दिन शुक्रवार को भी दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ।

लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही नारेबाजी शुरू हो गई। विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव पर तुरंत चर्चा की मांग की। राज्यसभा में कार्यवाही 45 मिनट तक चली, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ और टीएमसई सांसद डेरेक ओब्रायन के बीच बहस के बाद इसे 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया। उधर, राज्यसभा से निलंबित सांसद संजय सिंह ने आज भी संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया

स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष से कार्यवाही में हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने कहा, आप सदन को चलने नहीं देना चाहते, प्रश्नकाल, जहां सरकार सवालों का जवाब देती है, बहुत जरूरी है।% इस पर विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि 10 मई 1978 को अविश्वास प्रस्ताव पेश होते ही उस पर बहस शुरू कर दी गई थी।



डेरेक ओ ब्रायन से बहस के बाद सभापति धनखड़ अपने आसन से उठ गए और सदन को स्थगित करने का ऐलान किया।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने चौधरी से कहा कि सब कुछ नियमानुसार हो रहा है। बहस 10 दिन के अंदर हो सकती है। हमारे पास नंबर हैं, अगर आपके पास हैं तो हमारे बिल को हराएं। हंगामा देख स्पीकर ने सदन को 12 बजे तक स्थगित कर दिया। इसके बाद 12 बजे फिर सदन शुरू हुआ। करीब आधा घंटे कामकाज होने के बाद कार्यवाही को सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया। विपक्ष ने सरकार हाय-हाय के नारे लगाए।

संपादकीय

## वंदे भारत पर करम साधारण ट्रेन्स पर सितम ?

बहुप्रचारित सेमी तीव्र गामी ट्रेन वंदे भारत लगता है रेल मंत्रालय के लिये सफ़ेद हाथी जैसा साबित हो रहा है। अब तक चलने वाली लगभग सभी क्षेत्रों की सभी वंदे भारत ट्रेन्स को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झंडी दिखाकर रवाना कर इस ट्रेन के बारे में मीडिया व मंहगे विज्ञापनों के माध्यम से कुछ ऐसा ढिंढोरा पीटा था गोया तीव्रगामी बुलेट ट्रेन ने ही वंदे भारत के रूप में अवतार ले लिया है। इस सेमी बुलेट ट्रेन, वंदे भारत को ट्रेन-18 के रूप में विकसित किया गया है। परन्तु अपने परिचालन की शुरुआत से ही वंदे भारत को लेकर अनेक नकारात्मक ख़बरें आती रही हैं। यहां तक कि इस तीव्र रेल की प्रसिद्धि दुर्घटनाओं के लिये ज़्यादा है,विशेषताओं के लिये कम। कभी वंदे भारत एक्सप्रेस की गुजरात में उदवाडा और वापी स्टेशनों के बीच पड़ने वाले क्रॉसिंग गेट नंबर 87 के पास दुर्घटना का समाचार मिला तो कभी मुंबई-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने एक गाय की टक्कर हो जाने से ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया। इसके बाद 7 अक्टूबर 2022 को वंदे भारत एक्सप्रेस गुजरात के आणंद में गाय से टकरा गई थी। यह हादसा वडोदरा मंडल के आणंद के समीप हुआ था। उस समय रेल प्रशासन ने कहा था रेलवे के ट्रैक पर गाय के झुंड के आ जाने से यह हादसा हुआ। इसके बाद रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत एक्सप्रेस के पूरे रूट में कंटीले तार लगाने का निर्देश दिया था ताकि जानवर रेलवे ट्रैक पर नहीं आ पाए। गुजरात में ही 6 अक्टूबर 2022 को मुंबई से अहमदाबाद जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भैंसों के एक झुंड से भीषण टक्कर हो गई थी। यह हादसा वटवा और मणिनगर स्टेशन के बीच हुआ था। भैंसों के झुंड से हुई इस टक्कर में कई भैंसों की मौत तो हुई ही थी, ट्रेन का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में गत वर्ष आठ अक्टूबर को अचानक तकनीकी गड़बड़ी आ गयी और ट्रेन के पहिए ही जाम हो गए थे। इस कारण ट्रेन क़रीब पांच घंटे खुर्जा स्टेशन पर रुकी रही। चूँकि खुर्जा स्टेशन पर उसकी मुरम्मत संभव नहीं थी इसलिये इसके यात्रियों को शताब्दी एक्सप्रेस से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहाँ तक कि पिछले दिनों दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन जोकि रानी कमलापति स्टेशन से हज़रत निज़ामुद्दीन के लिए रवाना हुई थी उसकी सी-14 बोगी में कुरवाई स्टेशन के पास बैट्री से आग लग गई। शुक्र है कि यात्रियों को कोई नुक़सान नहीं पहुंचा। ऐसे और भी कई हादसों से वन्दे भारत दोचार होती रही है। इसके परिचालन के उद्घाटन में प्रधानमंत्री का सीधा दख़ल,इसके उद्घाटनों पर होने वाली बेतहाशा पब्लिसिटी और स्टेशंस की सजावट पर लुटाया जाने वाला जनता का टैक्स का पैसा देखकर ही जब भी यह ट्रेन दुर्घटनाओं या अन्य किसी फ़ाल्ट के चलते ख़बरों की सुर्ख़ियां बनती है तो उस समय सोशल मीडिया पर वंदे भारत ट्रेन की खूब फ़ज़ीहत होती है। बहरहाल इतनी ढोल पीटकर चलाई जाने वाली यही वन्दे भारत अपने शुरूआती दौर से ही रेल के लिए एक सफ़ेद हाथी साबित हो रही है। इसका अत्याधिक किराया होने व अन्य सुपर फ़ास्ट ट्रेन्स की तुलना में गंतव्य तक पहुँचने के अंतराल में कोई विशेष फ़र्क़ न होने के चलते आम यात्री इसपर यात्रा करना पसंद नहीं कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में चलने वाली वंदेभारत रेल गाड़ियों में 50 प्रतिशत से लेकर 21 प्रतिशत तक ही सवारियां मिल पा रही हैं जिससे रेल विभाग को भारी नुक़सान उठाना पड़ रहा है। इसीलिए यात्रियों को इन ट्रेन्स में यात्रा हेतु आकर्षित करने के लिये रेल मंत्रालय ने वंदे भारत समेत अन्य कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों का किराया घटाने का फ़ैसला किया है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार रेलवे बोर्ड वन्दे भारत सहित अनेक ट्रेन्स के,ष्ट चेयर कार और एक्ज़ीक्युटिव क्लास के किराए में 25त्न तक की कटौती करने की योजना बना रहा है। लेकिन अतिरिक्त शुल्क जैसे रिज़र्वेशन चार्ज, सुपर फ़ास्ट सरचार्ज, जीएसटी अलग से लगाया जाएगा। हालांकि यह सुविधा केवल उन ट्रेन्स में ही दी जायेंगी, जिन में पिछले 30 दिनों के दौरान केवल 50त्न सीटें ही भर पाई थीं। रेल मंत्रालय के अनुसार पहले से बुक टिकटों पर यात्रियों को किराए का कोई रिफ़ंड नहीं मिलेगा। इसके अलावा हॉलीडे और फ़ेस्टिवल स्पेशल जैसी ट्रेनों में यह योजना लागू होगी। गोया एक तरफ़ तो सरकार विशिष्ट ट्रेन्स में यात्रियों को चलने के लिये उनकी चिरौरी कर रही है उन्हें लुभाने के लिये 25 प्रतिशत तक किराया कम कर रही है तो दूसरी तरफ़ यही जनविरोधी सरकार कोरोना काल में पैसेंजर ट्रेन का नाम एक्सप्रेस कर देने के बहाने टिकटों में जो तीन गुना बढ़ोतरी की गयी थी उसे भी नहीं घटा रही। उदाहरण के तौर पर अंबाला शहर से अंबाला छावनी का पैसेंजर ट्रेन का किराया जो मात्र दस रूपये होता था था वह कोरोना के समय से ही तीस रूपये वसूला जा रहा है। क्या सरकार को उन साधारण यात्रियों की जेब की फ़िक्र नहीं जो अपनी रोज़ी रोटी के लिये रोज़ाना इन गाड़ियों से सफ़र करते हैं ? इसी तरह कोरोना काल में ही वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाली छूट इसी निर्दयी सरकार ने समाप्त कर दी थी। वह भी आज तक बहाल न हुई। केवल साधारण कोच का नाम सामान्य कोच से बदलकर दीन दयालु कोच रख देने या उसका भगवा रंग करवा देने से यात्रियों को राहत नहीं मिलने वाली। सरकार को तो स्वयं सोचना चाहिये कि अपनी ग़लत नीतियों के चलते देश की जिस जनता को उसने राशन तक का मोहताज बना दिया है, उस पर ट्रेन का तीन गुना अधिक किराया भरते वक़्त क्या गुज़रती होगी? 25 प्रतिशत किराया कम कर वंदे भारत के यात्रियों पर करम और साधारण सवारी ट्रेन्स के यात्रियों से तीन गुना ज़्यादा रक़म वसूल कर उनपर किये जा रहे सरकारी सितम से तो यही ज़ाहिर होता है कि वरिष्ठ, साधारण व ग़रीब नागरिकों को राहत देने में सरकार की कोई दिलचस्पी ही नहीं है।

# स्खलित होती नैतिक धारणाएं और आस्थाएं

## पुरुष समाज की ज्यादतियां सिर्फ स्त्रियों पर ही क्यों

लेखक- संजीव ठाकुर



मणिपुर की महिलाओं पर शर्मनाक और अमानवीय पुरुष समाज की हरकतों से पूरा समाज और पूरा देश लज्जित हुआ है। छोटी बच्चियों से लेकर बड़ी बूढ़ी महिलाओं तक शारीरिक, सामाजिक शोषण देश के लिए एक काला अध्याय हैद्य हम अपने पशुओं के व्यवहार के कारण लज्जित तो हुए ही पर उसके पश्चात कोई पछतावा दिखाई नहीं देता है। देश के कोने कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाये अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा हैद्य धन तथा पद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैंद्य भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होती रहे।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही हैद्य शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45त्न आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी हैद्य

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया हैद्य वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।

## जीवन अमूल्य है, निराशा और चिंता को जीवन में स्थान न दें

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैंद्य निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो होंद्य मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैद्य निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्य

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था।

महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर के लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया।

ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों को जन्म देती है।

वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सुख-सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

### आज का सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति जो खुद पर नियंत्रण रखता है।
- होरेस

शुरुआत करने का तरीका है, कि बातें बंद करें और काम शुरू करें।
- वाल्ट डिज्नी

## लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जैविक खेती की आवश्यकता आवश्यक है



लेखक - विजय गर्ग

जैविक खेती? अगर हम इसे प्राचीन खेती कहें तो गलत नहीं होगा। आज की नई पीढ़ी के लिए जैविक खेती एक आश्चर्य या नई चीज है, लेकिन अतीत में यह जीवन का एक सामान्य और अभिन्न अंग थी। प्राचीन कृषि शुद्ध कृषि थी जिसमें कोई जहर नहीं था। लोग शुद्ध और गरिष्ठ भोजन करते थे और स्वस्थ रहते थे। उस समय लोग न केवल रोगों से मुक्त थे बल्कि शारीरिक रूप से भी मजबूत थे। रसायनभोजन के अंधाधुंध उपयोग से मनुष्य ने बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकता के अनुरूप अनाज, सब्जियों और फलों का उत्पादन तो बढ़ाया है, लेकिन खाने-पीने की सारी चीजें जहरीली हो गई हैं। आज अस्पतालों में भीड़ है, फिर भी अस्पतालों में भीड़ है। मेडिकल कॉलेजों की पढ़ाई पूरी करने के लिए डॉक्टर नहीं आ रहे हैं। बढ़ रहे हैं, युवा विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, इसके बावजूद पीजीआइ, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे अस्पतालों में डॉक्टर कम और मरीज ज्यादा हैं, लोग बीच में ही लाइन लगाने लगते हैं। रात, इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार ने चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। वह अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। ये भी पढ़ेंपूज्य गुरु जी ने प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की लेकिन लोगों को यह भी सोचना होगा कि बीमारियों को बढ़ाने में लोगों की कितनी भूमिका है, शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण विषाक्त आहार ने शरीर को खोखला कर दिया है, इसलिए लोगों को जहर मुक्त कृषि और भोजन अपनाना जरूरी है उत्पाद अपनी विरासत के साथ। किसानों के लिए कम से कम अपने परिवार के लिए जहर मुक्त खेती करना जरूरी है। वास्तव में जहर मुक्त खेती देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है।जैविक खेती के उत्पादों की जेब में अधिक पैसा होगा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मांग अधिक है, जहर मुक्त भोजन से स्वस्थ एथलीट, स्वस्थ कर्मचारी पैदा होंगे। राष्ट्र निर्माण में कौन निभाएगा अच्छी भूमिका जब से देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का वर्चस्व बढ़ा है, कृषि और बागवानी के लिए विदेशी कीटनाशकों का उपयोग बढ़ने लगा है, सिक्किम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिल के किसान तीन दिन पहले ही नाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश ने कीटनाशकों की जगह इस दिशा में सफल प्रयोग किया है।लस्सी का छिड़काव, नीम की पत्तियों का उपयोग बहुत फायदेमंद साबित हुआ है। आंध्र प्रदेश के 19 जिलों के किसानों ने बिना कीटनाशकों के सफलतापूर्वक जैविक खेती की है और उपज में पहले से ही वृद्धि की है। जा सकते हैं।

**(सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार मलोट पंजाब)**




**राशिफल**

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण शुभ शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि दसवीं, शुक्रवासरे, अनुराधा नक्षत्रे, शुभ योगे, गरकरणे, वृश्चिक की चंद्रमा, भद्रा 25/48 से कल्लेरात मुसलमान सर्वार्थ सिद्धयोग 24/54 तक तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभीमानी, उत्तम वृत्ति वाला, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, योगी-भोगी, कुशल लेखक-कवि, शिक्षक तथा उत्तम प्रीति वाला, व्यवहारिक तथा धनी-मानी, प्रवक्ता होगा।

**मेष राशि** - कार्य बाधा, स्वाभाव में उद्विघ्नता तथा दुख अवश्य ही बनेगा, धैर्य से कार्य करें।

**वृष राशि** - किसी आरोप से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति का वातावरण बनेगा।

**मिथुन राशि** - योजनायें पूर्ण होंगी, धन लाभ होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**कर्क राशि** - मित्र सुखवर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी, धैर्य रखें।

**सिंह राशि** - कार्य और धन अस्त-व्यस्त होगा, सतर्कता से कार्य अवश्य निपटा लें।

**कन्या राशि** - मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्ता कम होगी।

**तुला राशि** - मान-प्रतिष्ठा के साधन बनेंगे, स्त्री से सुख-शांति अवश्य बनेगी, समय का लाभ लें।

**वृश्चिक राशि** - अग्नि-चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, कार्य अवरोध होगा।

**धनु राशि** - क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, क्लेश तथा भय बना ही रहेगा, ध्यान दें।

**मकर राशि** - विवादग्रस्त होने से बचिये, तनाव, क्लेश, मानसिक अशांति अवश्य बनेगी।

**कुंभ राशि** - धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा।

**मीन राशि** - धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति, समय उल्लास से बीतेगा, मनोवृत्ति उत्तम होगी।

### आज का कार्टून



## वरिष्ठ पत्रकार के पिता का हुआ आकस्मिक निधन, नगर के संभ्रांत लोगों सहित पत्रकारों ने जताया शोक



**बकेवर इटावा।** नगर बकेवर क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आ रही है जानकारी के अनुसार यहां के युवा पत्रकार प्रवीण दिवाकर के पिता भूतपूर्व सैनिक रहे बेंचेलाल फौजी (61)वर्ष का कल गुरूवार को देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से नगर बकेवर के लोगों सहित जिले के पत्रकारों ने शोक जताया है। वहीं शुक्रवार को उनके निवास स्थान लोहिया नगर बकेवर में नगर के लोग,पत्रकारों ने पहुंचकर दुख व्यक्त करते हुए शोक जताया।वहीं अंतिम संस्कार यमुना घाट टकरूपुर हुआ। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी,गोपाल सारस्वत, स्वामीशरण श्रीवास्तव, गोपाल त्रिपाठी, तरुण त्रिपाठी,दिनेश यादव,देवेश शर्मा,प्रमोद कुमार गुप्ता,अनिल वीर सिंह चौहान, दामोदर पाठक, कुमार रवि,दीपक शर्मा,दीपक चौहान,विनीत तिवारी, रामजी तिवारी पत्रकार के अलावा चेयरमैन विवेक यादव,ज्वाला प्रसाद कठेरिया,एड.विकास दिवाकर, पुरुषोत्तम मिश्रा, सौरभ उपाध्याय मोनू,बलवीर यादव,गौरव शर्मा शीलू, हल्लू शर्मा, टिल्लू यादव, सभासद दीपक राजपूत,रतन कठेरिया,मन्नू? कठेरिया सहित अन्य लोगों ने दुख जताया है।

## आपसी विवाद में पति पत्नी ने खाया जहर पति की मौके पर मौत

बकेवर इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के बिजौली की रहने वाले दंपत्ति में परिवारिक कलेश के चलते पहले पत्नी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन किया उसके बाद पति ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया पत्नी का इलाज जिला अस्पताल में जारी है वहीं पति ने दम तोड़ दिया है। गुरुवार सुबह पति-पत्नी के आपसी विवाद में ग्राम बिजौली थाना बकेवर निवासी सरोज (25) ने सुबह पति अजय राजपूत से किसी बात पर विवाद हो गया था उसके बाद पति घर से अपने काम पर चला गया था इसी दरमियान पत्नी ने विषाक्त पदार्थ का का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई परिजन द्वारा उसको जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी कर दिया था पत्नी की हालत में सुधार हो गया था और जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों ने भर्ती कर दिया था वही उसके बाद गुरुवार देर रात पति ने भी घर जाकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जब तक उसको जिला अस्पताल पहुंचाया गया तब तक रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया था वही जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दीया। यह सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और जिला अस्पताल में भर्ती पत्नी का रो रो कर भी बुरा हाल है। मौके पर पहुंची बकेवर पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## एक ही मामले में आरोपी दस दिन में दो बार 151 में भेजा।

**बकेवर इटावा।** इटावा के बकेवर कस्बा में तथाकथित आरोपी युवक आलोक त्रिपाठी उर्फ लालू के हौसला बुलंद है।354 ,एससी एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट की गम्भीर धाराओं में छात्रा को छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज है।कस्बा के पूर्व में एक पत्रकार के साथ मारपीट की गयी जिसमें पत्रकार द्वारा थाना बकेवर पर 323,504,506 मुकदमा पंजीकृत कराया था।तथाकथित युवक आए दिन कस्बे में दबंगई करता है। बताते चलें कि छात्रा के छेड़छाड़ में बकेवर थाना पुलिस द्वारा तथाकथित युवक को दो बार थाने में बैठाया गया। पुलिस से सांठगांठ कर युवक को थाना पुलिस ने छोड़ा। जबकि स्पेशल एक्ट होने की धाराओं के बाद भी पुलिस ने एसएसपी इटावा, एडीजी कानपुर जोन, एवं डीजीपी लखनऊ को ट्विटर हैंडल पर इटावा पुलिस ने तथाकथित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की तस्वीर ट्विटर हैंडल पर अपलोड करके दिखाई। उच्च अधिकारियों को इटावा के बकेवर थाना पुलिस ने गुमराह किया।क्या उच्च अधिकारियों द्वारा बकेवर पुलिस पर कार्यवाही होगी।डीजीपी एवं एडीजी कानपुर जोन व आईजी रेंज कानपुर एवं इटावा एसएसपी को छात्रा के छेड़छाड़ में आरोपी को झूठा जेल भेजना दिखा कर बकेवर थाना पुलिस ने गुमराह कर दिया। जबकि स्पेशल एक्ट में आरोपी को जेल भेजना था।लेकिन जिस आधार पर तथाकथित युवक को पुलिस ने छोड़ा है ऐसी स्थिति में गंभीर रूप से बीमारी से ग्रस्त या 60 साल की अवस्था से ऊपर व्यक्ति को थाने से छोड़ा जा सकता है लेकिन एक तथाकथित युवक को पुलिस ने किस बुनियाद. पर छोड़ा यह तो पुलिस पर सवालिया निशान खड़ा करता है।नियमों को ताक पर रखकर कार्यवाही ना करना तथाकथित आरोपी युवक को पुलिस बढ़ावा देना जैसा है जिससे आरोपी युवक सड़कों पर खुलेआम घूम रहा है। क्या थाना पुलिस मणिपुर जैसी घटना घटित होने के इंतजार में है।

## स्ट्रीट वेंडर्स ने तीन बैंकों के प्रबंधकों के खिलाफ डीएम को दिया ज्ञापन



जसवंतनगर (इटावा)।केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 卐प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना卐 के क्रियान्वन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा जसवंतनगर के प्रबंधकों द्वारा बाधा पहुंचाने और क्रियान्वयन के आदेशों को बलाये ताक रखने को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी इटावा को स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन के नेताओं ने अपने पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन के ब्रांड एंबेसडर इरशाद अहमद के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपाया। ज्ञापन में इन बैंक शाखा प्रबंधकों पर सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते कहा गया है कि स्थानीय निकाय द्वारा पात्र पी एम स्वनिधि के लाभार्थियों की सूची को लंबित करके यह प्रबंधक गण गरीब साधन हीन रेहड़ी पटरी वालों के जीविका से खिलवाड़ कर रहे हैं। पात्र लाभार्थियों को 6 माह से दौड़ा रहे हैं। शासकीय दबाव के चलते आनन फानन में निष्क्रिर्य लाभार्थियों की सूची पोर्टल से उठा कर और उन्हें वितरण दिखा कर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। यदि संबंधित लाभार्थियों का ऋण निकलने के लिए जाता है, तो उसका ट्रांजैक्शन होल्ड कर देते हैं । तरह तरह की कमियो का हवाला देते हैं। शासकीय योजना के संरक्षण एवं शासनादेशों का पालन कराने के लिए पात्र लाभार्थियों की लंबित पत्रावलीयों को निस्तारित कराने की ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई है।

# पीएम आवास योजना के घर अपात्रों को दिलवा रहा महलई का प्रधान

### शिकायत करने पहुंचीं निर्धन महिलाएं



**जसवंतनगर( इटावा )।** जन कल्याणकारी योजना 卐प्रधानमंत्री आवास योजना卐अंतर्गत आवास पाने के लिए गरीब और पात्र लोग जहां अफसरों के कार्यालयों के चक्कर लगाते लगाते परेशान हैं वही क्षेत्र के ग्राम महलई मे इस योजना का लाभ अपात्रों को दे दिया गया। और योजना का लाभ पाने वाले पात्र लोग चक्कर काटते ही रह गए। इस गांव में अब पात्रों को प्रधानमंत्री आवास ग्राम प्रधान और अफसरों की मिली सांठगांठ से बांट दिए जाने को लेकर रोष व्याप्त हो गया है। बताते है कि उक्त ग्राम के कई प्रभावशाली लोग प्रशासनिक मेलजोल से पिता सहित सभी बेटों ने अलग-अलग अत्योदय राशन कार्ड बनबाकर एक ही परिवार में पिता, पुत्र सहित तीन-तीन, चार-चार लोगों के प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम दर्ज करा लिए। इसके अलावा उन्हें अन्य सरकारी सारी सुविधाये भी प्राप्त हो रही है । ये लोग गरीबो के हक की पक्की छत उनके सिरों से छीन रहें हैं । गांव की शिल्पी, बंदना, रामश्री, शिल्पी, वंदना, श्रीदेवी, बेबी, निशा, मंजू देवी, आदि महिलाओ ने बताया कि बह प्रधानमंत्री योजना के आवास के लिए विकास खंड के चक्कर लगा रही है, मगर उनकी कही सुनबाई नही हो रही है, वह नितांत निर्धन व पूरी तरह पात्र है। अंत्योदय लाल कार्ड की श्रेडी में है, मगर उनके कार्ड भी पात्र गृहस्थी की श्रेणी मे बना दिये गये है, जिससे हमे लाभ नही मिल पा रहा है।

उनका यह भी कहना है कि जो प्रधान चुनकर जाते है, वह अपने चहेतो को ही लाभ पहुँचाते है। उन्होने जिला प्रशासन से गरीबो तथा आवासो से वंचित लोगो को न्याय दिलाने की मांग की। एडीओ पंचायत बाबू सिंह ने बताया कि जो लोग प्रधानमंत्री आवास की योजना से वंचित है उन्हें जल्द ही आवास दिलाने की प्रतिक्रिया शुरू की जाएगी।

## जल और हरियाली की कीमत हर व्यक्ति जाने -डॉ आशीष

### *सेंट पीटर्स स्कूल में मना विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस



जसवंत नगर इटावा। स्थानीय सेंट पीटर्स स्कूल में शुक्रवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर साइंस क्लब के साथ साथ नेचर क्लब का गठन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत तथा मुख्यअतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद एवम वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ आशीष त्रिपाठी मौजूद थे। उन्होंने व स्कूल प्रिंसिपल फादर थॉमस द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। फादर थॉमस ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ??विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति संरक्षण से संबंधित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर वन्यजीव विशेषज्ञ डा आशीष त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि,आज का दिन महत्वपूर्ण है, जिसकी महत्वता हम सभी को समझनी होगी, हमे प्रकृति संरक्षण के क्रम में पेड़ और पानी के अमूल्य महत्व को वैज्ञानिक तरीके से समझकर आज से ही एक वैचारिक मंथन करना होगा कि हम विकास की अंधाधुंध दौड़ में आधुनिक परिवेश से प्रभावित होकर अपनी प्रकृति से रोज क्यों दूर होते जा रहे है? उन्होंने कहा कि प्रकृति में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन बेहद ही सीमित है और उनका समयकाल भी सुनिश्चित है, एक दिन जरूर आयेगा जब वे समाप्त होंगे, तब हम सभी क्या करेंगे, यह सोचने का भी वक्त प्रकृति हमे नही देगी। उन्होंने सभी बच्चों से पेड़ और पानी बचाने का आवाह्न किया साथ ही विद्यालय में नेचर और साइंस क्लब के गठन की शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल फादर थॉमस ने डॉ आशीष का आभार प्रकट करते कहा कि, बच्चों में विज्ञान और प्रकृति के महत्व को प्रायोगिक तरीके से समझाने के साथ विद्यालय में अन्य विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाने का विचार आया था। कार्यक्रम में पर्यावरण एवम प्रकृति संरक्षण से जुड़ी एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। क्विज संचालन वंश यादव, नव्या दुबे मंच संचालन मोहन चौधरी,प्रज्ञा यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगणों में अनूप,मिस तरु,पंकज पाण्डेय, जेकब सर,अनीता जैन,बीजू सर आदि उपस्थित रहे।

## घर से जयपुर लौटा युवक लापता पिता की मौत में शामिल न हो सका



जसवंतनगर;इटावाद्ध ।नगर के मोहल्ला मोहन की मड़ैयाए लुधपुरा का निवासी एक युवक प्रदीप कुमार शाक्य ;25 वर्षद्ध पुत्र स्वर्गीय मेघ सिंह शाक्य पिछले 4 दिनों से लापता है। यह युवक जयपुर में किसी कंपनी में ठेकेदार के अधीन मॉड्यूलर किचन बनाने का काम का काम करता था। अपने बीमार पिता को देखने 21 जुलाई को घर आया था और दो.तीन दिन रहने के बाद 24 जुलाई की दोपहर जयपुर के लिए रवाना हुआ था।युवक का फोन जब वह जसवंतनगर आ रहा थाए तभी रास्ते में कहीं गुम हो गया था। 24 जुलाई को युवक दोपहर में जसवंत नगर से जयपुर के लिए रवाना हुआ था और उसी दिन देर रात उसके पिता मेघ सिंह शाक्य का स्वर्गवास हो गया। घर वालों ने जयपुर फोन लगायाए तो प्रदीप जयपुर नहीं पहुंचा था। दूसरे दिन देर तक पिता के अंतिम संस्कार में उसके आने का इंतजार किया जाता रहाए मगर वह नहीं आयाएतो उसे तलाशने घर के लोग जयपुर गएए मगर वह तब भी वहां नहीं पहुंचा था। कंपनी वालों ने बताया कि लौटा ही नहीं हैए जैसे ही आएगा सूचना दी जाएगी।इस के बावजूद 3 दिन जब और बीत गएए तो गुरुवार को उसके गुम होने की तहरीर जसवंत नगर थाने में उसके भाई राजीव कुमार ने दर्ज कराई है। युवक प्रदीप के अब तक कहीं से अता पता न चलने से सभी घर व मोहल्ले वाले किसी अप्रिय घटना को लेकर चिन्तित हैं। मोहल्ला के सभासद पति हेमू शाक्य ने बताया कि लापता प्रदीप कुमार काफी सीधा.साधा और परिवार को लेकर चलने वाला युवक है। वह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित है।

# पारिवारिक बंदिशो से दुखी प्रेमी युगल ने जहर खाया प्रेमिका की मौत

### 'प्रेमी अस्पताल में कर रहा जीवन मौत से संघर्ष



जसवंतनगर ;इटावाद्ध। दो प्रेमियों के बीच पारिवारिक बंदिशें भारी पड़ीं और दोनों द्वारा सल्फास खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया गयाए नतीजा यह हुआ कि प्रेमिका की तो मौत हो गई और प्रेमी एक निजी अस्पताल में जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहा है।

मामला जसवंतनगर इलाके के ग्राम जैनपुर नागर से सामने आया है। जिसमें मात्र 15. 16 की किशोर उम्र के प्रेमी युगल द्वारा गुरुवार रात गांव के एक सुनसान स्थान पर जाकर एक संग सल्फास खा ली गई। प्रेमिका तो मौत के मुंह में चली गई और प्रेमी जब तड़प रहा थाए तो उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और उसे इटावा एक अस्पताल ले गएए जहां उसका जीवन बचाने का डॉक्टर प्रयास कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक जैनपुर नागर गांव में शाक्य.कुशवाहा जातिय अंकित शाक्य;16 वर्षद्ध पुत्र रामबरन शाक्य का प्रेम इसी गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी काल्पनिक नाम सुहानी कुशवाहा से हो गया था। यह मामला गांव में चर्चा का विषय बन गया था। करीब डेढ़ महीने पहले दोनों ही आपस में प्रेमालाप करते पकड़े गए थे।इसके बाद इन प्रेमी.प्रेमिका के साथ इनके घर वालों ने उत्पीड़नात्मक व्यवहार किया गया था। बाद में किशोरी के घर वालों ने उसे उसकी बहन के गांव कठफोरी भेज दिया था। जबकि किशोर के पिता ने अपने बेटे को नई दिल्ली काम पर भेजा था। इस तरह दोनों एक दूसरे से बिछड़ गए थे। बताते हैं कि दोनों के बीच मोबाइल फोन से फिर भी संपर्क बना रहा। अभी दो.तीन दिन पहले जब किशोरी बहन के घर से जैनपुर नागर गांव आईए तो प्रेमी किशोर को नई दिल्ली इस बात की खबर लग गई और वह भी अपने गांव पहुंच गया। मौका देख गुरुवार देर शाम दोनों घर से निकले और गांव के बाहर लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक सुनसान स्थान श्देवी के थानश् पर पहुंचे और दोनों ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय लेते संग.संग विषपान कर लियाए जिससे किशोरी की तो मौत हो गई और युवक जब तड़प रहा थाए तो गांव के लोगों को पता चला और फिर उसके घर वाले मौके पर पहुंचे एतो वह उसको तुरंत इटावा एक निजी अस्पताल में इलाज को ले गएए जहां उसका इलाज जारी था।

घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर उपनिरीक्षक भगवान सिंह ने गांव पहुंचकर किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## जलभराव की समस्या का कार्य आज से शुरू होगा- चेयरमैन



भरथना, इटावा। बीते कई वर्षो से ऊबड-खाबड व जर्जर मण्डी समिति मार्ग पर जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु पालिका प्रशासन दक्षिणी ओर नाला का निर्माण करायेगी। चूंकि उक्त मार्ग पर उत्तरी ओर पूर्व से ही नाला निर्मित है। इससे पहले मण्डी समिति मार्ग की सरकारी भूमि का चिन्ह्नींकरण किया जायेगा। यह कार्य उपजिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में मण्डी आढती व किसान नेताओं द्वारा दिये गये ज्ञापन के उपरान्त 29 जुलाई दिन शनिवार से ही शुरू करा दिया जायेगा। यह बात नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अजय यादव गुल्लू ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन मण्डी समिति में आढती संघ के पदाधिकारियों व व्यापारियों, किसानों से मंत्रणा करने के साथ ही जर्जर मार्ग के निरीक्षण के दौरान कही। आढती संघ के पदाधिकारियों, किसानों व मण्डी समिति कर्मचारियों से बातचीत पर चौयरमेन श्री यादव ने कहा कि पालिका प्रशासन अत्यन्त जर्जर मण्डी समिति मार्ग पर जलभराव की स्थायी समस्या के निराकरण व जलनिकासी के लिए दक्षिणी ओर नाला निर्माण का कार्य शनिवार 29 जुलाई से शुरू करा देगी। जबकि उक्त मार्ग के उत्तरी ओर पूर्व से ही नाला निर्मित है। इस बीच उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत के निर्देशन में मण्डी समिति सडक मार्ग की सरकारी भूमि सडक मध्य से 33-33 फीट दोनों ओर चिन्ह्नीकरण का कार्य किया जायेगा। पालिकाध्यक्ष श्री यादव ने मार्ग पर दोनों ओर बने भवन स्वामियों से अपील की है कि मार्ग की सरकारी भूमि पर बनाये गये चबूतरे, सीढियां आदि निर्माण स्वत: ही हटा लें। अन्यथा शासन के निर्देश पर प्रशासनिक अमला उक्त कब्जा वाली भूमि को ध्वस्त कर खाली करवायेगा। आढती संघ के संरक्षक होम सिंह यादव, अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, मंत्री असित यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया था कि समय रहते जर्जर सडक मार्ग को गढ्डामुक्त कराते हुए जलभराव की समस्या को दूर कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिये गये ज्ञापन में जिक्र किया गया था कि अगर सडक निर्माण आदि का कार्य समय रहते शुरू नहीं किया गया, तो व्यापारी, आढती व किसान संयुक्त रूप से 1 अगस्त से हडताल करने को बाध्य होगें। इस मौके पर नवरतन सिंह यादव, कमलेश यादव, धर्मेन्द्र शाक्य, रामऔतार, सभासद प्रतिनिधि सीटू यादव, रोहित यादव, संजय वर्मा आदि आढती, व्यापारी के अलावा राजेश यादव पण्डा, लिपिक सन्तोष यादव, आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया व मण्डी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हजरत कासिम की शहादत में निकला मेंहदी का जुलूस -जुल्फिकार अलम बने आकर्षण का मुख्य केन्द्र



इटावा। कटरा शहाब खां स्थित दरगाह अबुल हसन शाह वारसी से हज़रत कासिम की मेहदी का जुलूस परम्परागत तरीके से शानोशौकत के साथ निकला जिसे जुकुस के सेकेट्री हसनैन वारसी हनी व साजिद अली वारसी ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

मेहदी का नेतृत्व गुजरात से आये बाबा महबूब शाह वारसी ने किया। मेंहदी को सजाने वाले अरशद अहमद, इशरत अहमद, सरवर हुसैन वारसी, हैदर हुसैन वारसी, अरहम वारसी के अलावा साजिद वारसी, अफज़ल वारसी,-हाजी मुईन उद्दीन गुड्डू मंसूरी आदि ने बैंड बाजे वालों को नज़राने दिए। हनी वारसी व साजिद हुसैन वारसी ने शहर के ऐतिहासिक जुलुस में शुमार मेंहदी जुलूस को शहर भ्रमण के लिए समय पर रवाना किया। दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी पर ट्रस्ट के सेक्रेट्री हसनैन वारिस वारसी हनी, मुमताज चौधरी, वारिस भाई, रहीस उद्दीन वारसी, मज़हर वारसी, फरीद वारसी आदि ने जुलूस में चल रहे बैंड वालों,अलम चौकी वाले आदि लोगों का साफा पहनाकर स्वागत किया उसके बाद जुलूस को आगे की ओर रवाना किया। दरगाह हज़रत मज़हर अली शाह शाद वारसी पर भी ट्रस्ट के लोगों ने जुलूस का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।मेंहदी का जुलूस दरगाह वारसी से परम्परागत तरीके से उठा और शाहकमर, उर्दू मोहल्ला, नोरंगबाद चौराहा, पुल कहारान, तिकोनिया, कोतवाली चौराहा, पचराहा, राजगंज, तहसील चौराहा, सैदबाड़ा, साबित गंज, नया शहर, रामगंज चौराहा होकर दरगाह वारसी पर समाप्त हुआ। जुलूस में अलम, चौकी, मेहदी और बैंड शामिल थे। बैंडों पर शहीदाने कर्बला के मरसियों सहित इस्लाम जिंदा रहता है कर्बला के बाद, अली का दामन नहीं छोड़ेंगे, हुसैन जिंदाबाद हुसैन जिंदाबाद की धुने बज रही थीं। मेहंदी की हजारों लोगों ने जियारत कर मन्नतें मांगी। सबसे खास बात यह रही कि प्रशासन के निर्देशानुसार मेहदी का जुलूस अपने निर्धारित समय पर समाप्त हो गया। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी जुलूस पर बराबर नज़र रखे रहे। उधर शहर कोतवाल पुलिस बल के साथ सारी रात पूरी तरह मुस्तैद रहे। जुलूस का शहर में लोगों ने जगह-जगह गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और लंगर भी खूब वितरित किया। शहीदाने करबला व हज़रत कासिम की याद में अकीदतमंदों ने थर्माकोल आदि से बहुत ही सुंदर इमाम हुसैन अले.का रोज़ा, अलम, जुल्फ़िकार आदि बनाकर अपनी मोहब्बत का सुबूत पेश किया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। मेंहदी के जुलूस में मुमताज चौधरी, राहत अक़ील, हाजी दानिश वारसी, तहसीन इलाही वारसी, साजिद वारसी, जावेद हसन वारसी, हाजी शहजाद वारसी एडवोकेट, रईसुद्दीन वारसी, ममता चौधरी, हाजी इनायत उल्लाह वारसी, जलील वारसी, फरीद वारसी, गफ्फार वारसी, खादिम अब्बास, डॉक्टर अयाज अली, इंतिजार अहमद, हाजी अजीम वारसी, वहाज अली खान निहाल, शावेज़ नक़वी, वहाज अली खान निहाल, नदीम वारसी सहित तमाम लोग शामिल थे।

# प्रयागराज मंडल में संरक्षा सेमिनार का आयोजन




इटावा। भारतीय रेलवे के उत्तर मध्य ज़ोन के सबसे व्यस्ततम व अतिमहत्वपूर्ण मंडलों में से एक प्रयागराज मंडल एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपना विशिष्ट योगदान देती आ रही है। रेल यात्रियों को संरक्षित व समयबद्ध रेल यात्रा प्रदान करने के लिए प्रयागराज मंडल के अधिकारी एवम कर्मचारी निरंतर प्रयत्नशील हैं। इसी के दृष्टिगत समय-समय पर मंडल में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया जाता है। संरक्ष अभियान के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को संरक्षा से जुड़े बिन्दुओ पर विस्तार पूर्वक समझाया जाता है। संरक्षा अभियान के तहत स्टेशन अधीक्षक इटावा पीएम मीना के अध्यक्षता में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मंडल से 80 कर्मचारियों ने भाग लिया। संरक्षा सेमिनार में सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी पीपी.त्रेहन, सहायक मंडल सिग्नल अभियंता अरविंद कुमार द्वारा रिले-रूम खोलने के दौरान क्या-क्या सावधानियां बरतनी है के बारे में बताया, सहायक यातायात प्रबंधक टूंडला आरएसशर्मा द्वारा गियर रिकनेक्शन एवम डिस्कनेक्शन के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के संबंध में बताया, सहायक मंडल अभियंता राजित राम द्वारा प्री मानसून के दौरान क्या-क्या उपाय किये जाने हैं तथा किस तरह बचाव करने हैं के बारे में बताया एवम सहायक मंडल अभियंता, टी.आर.डी द्वारा साइट के प्रोटेक्शन के बारे में बताया। टी.आई प्रशांत कुमार तिवारी ने शंटिंग के बारे में विस्तृत रूप से बताया,संरक्षा सलाहकार यातायात, प्रयागराज मनोज कुमार, संरक्षा सलाहकार इंजीनियरिंग अबसार अहमद, संरक्षा सलाहकार सिग्नल आर.के यादव एवम संरक्षा सलाहकार, कैरेज एवम वैगन अनुराग गुप्ता ने संरक्षित संचालन के बारे में विस्तृत रूप से बताया और सभी उपस्थित कर्मचारियों को नियमानुसार संरक्षित संचालन करने के लिए समझाया।

## बाबा देवहंस महिला कॉलेज और वीर वि मसिंह इंटर कॉलेज के छात्रों ने लोगों को सड़क सुक्षा के लिए जागरूक किया।



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी**

मैनपुरी 29 जुलाई प्रदेश सरकार के आदेशानुसार श्री सड़क सुरक्षा सप्ताह चल रहा है उसी क्रम मे पाढ़म चौकी प्रभारी रवीशंकर के नेतृत्व में बाबा देवहंस महिला कॉलेज और वीर विक्रम सिंह इंटर कॉलेज नवादा पाढम के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा रैली निकाली जिसमें विना वाले दुपहिया वाहनों को रोक कर हेलमेट लगाकर चलने की अपील की तथा दो लोगों से ज्यादा लोगो के साथ सवारी न करें चार पहिया वाहन चालकों से सेफ्टी वेल्ट लगाकर ही चलें तेज रफ्तार पर अंकुश रखें हमेशा देख भालकर ही वाहन को ओवर टेक करें।कभी हड़वडी में वाहन कदापि न चलाएं।इस अवसर पर प्रवंधक रामवीर सिंह चौहान कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार कंस्टेवल रियाज खान पीसी जलवेर सिंह छात्राएं निशा,करीना मार्था उपकारी,साधना,कोमल डोरकश राजराही,अर्चना,शालिनी,रेनू रूथ राजराही,अनुज,अतुल,प्रदीप,सुनील,अभय,अनुराधा,लविश चौहान,संगीता,मानवी चौहान,प्रियंका अर्चना,नेहा,व टीचर वीपी सिंह,लालपोश,पुष्पराज सिंह चौहान, शिवाकी चौहान,हमीर चौहान,अंनषिका चौहान, कल्पना सिंह आदि उपस्थित रहे

## स्लग- मैनपुरी पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने की प्रेस वार्ता जहां तुम वहां हम ।



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी**

मैनपुरी 29 जुलाई एंकर- प्रेस वार्ता के दौरान विपक्षियों को दिया करारा जवाब कहा मणिपुर हिंसा पर विपक्ष लगातार सवाल कर रहा है तो फिर बिहार और बंगाल की घटनाओं को क्यों नहीं दर्शा रहा है । वीओ- मैनपुरी शिव महापुराण कथा के कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने शहर के ट्रांजिस हॉस्टल पर प्रेस वार्ता की । इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर हिंसा पर विपक्ष लगातार सवाल जवाब कर रहा है । लेकिन हिंसा की अगर बात करें तो बंगाल और बिहार में हुई घटनाओं पर क्यों नहीं मुद्दा उठा रहा है । अखिलेश यादव के ट्यूट पर कहा कि जनता सिर्फ भाजपा को याद रखें और 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे । तथा जनपद में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए जिस पर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ एक ही हिंदुत्व है वह हिंदू है और कोई दूसरा नहीं है । कहा विपक्ष इसलिए भाग रहा है कि वह एक मुद्दा बनाना चाहता है विपक्ष शोरगुल के लावा जनता के हक में बात नहीं करता है । इस दौरान मीडिया के पूछे गए सवालों पर और क्या कुछ बोले दिनेश शर्मा देखे यह रिपोर्ट ।

## पानी में डूबने से 35 वर्षीय मजदूर की हुई मौत जिला ब्यूरो




जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिह यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत घिरोर के मोहल्ला नगला किशी निवासी सतीश चंद्र पुत्र छत्रपाल सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष मजदूरी पर धान गाड़ने का काम करते हैं आज सुबह लगभग वह अपने घर से खेत में धान गाड़ने गए थे घर से थोड़ा दूर तालाब है उसी के पास गड्डे है जिनमे पानी भरा हुआ है सतीश चंद्र उसी रास्ते से जा रहे थे उनका पैर फिसलने के कारण वह गड्डे मे गिर गये कुछ समय बाद मोहल्ले के लोग शौच के लिये निकले तो यह पानी मे पढ़े दिखाई दिये मोहल्ले के लोगो ने घरबालो को सूचना दी परिवारिक जनो ने मोके पर पहुंच कर देखा तो सतीश पानी मे पढ़े थे मोहल्ले बालो की मददत से सतीश को पानी से निकला गया और सामुदायि स्वास्थ्य केंद्र गोधना लाया गया जहाँ डॉक्टर ने सतीश को मृत घोषित कर दिया कुछ लोगो द्वारा बताया गया की सतीश को दौरा भी आते थे जिसके कारण वह पानी से भरे गड्डे मे गिर गय . समाचार लिखे जाने तक इसकी किसी प्रकार की कोई तहरीर थाने पर नहीं दी गई है

## एलाऊ क्षेत्र में बायो डीजल पंप पर धड़ल्ले से बिक रहा अवैध तरीके से डीजल वीडियो हुआ वायरल डीएसओ ने जांच के बाद करवाई की कही बात

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 29 जुलाई जनपद केआपको बता दे की एलाऊ क्षेत्र के ग्राम बघिरुआ में देव जयराम पेट्रोल पंप है जोकि बायोडीजल पंप जिस पर धड़ल्ले से अवैध तरीके से डीजल की बिक्री की जा रही है जिसका एक वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है तस्वीरों में आप देख सकते हैं किस तरीके से बायो डीजल पंप पर अवैध तरीके से डीजल बेचने का काम किया जा रहा जिसका वीडियो वायरल हो रहा है इसकी शिकायत भी जिला पंचायत सदस्य नीरज की ओर से जिला पूर्ति अधिकारी से की गई थी जिसके बाद उन्होंने खाना पूर्ति करने के बाद कोई कार्यवाही नहीं की जिससे पंप संचालक के हौसले बुलंद है वही जब मीडिया ने वायरल वीडियो पर अवैध तरीके से पंप पर की जा रही डीजल की बिक्री को लेकर के जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी से बात की तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया मामला संज्ञान में आया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी अब देखना यह है की वीडियो वायरल होने के बाद भी क्या जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से कोई कार्रवाई की जाती है या नहीं**

# जिलाधिकारी ने जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की अधिकारियों संग बैठक की

**ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी**

### *वृक्षारोपण अभियान के दौरान रोपित पौधों की उचित देखभाल के प्रबंध किए जाएं, रोपित पौधे वृक्ष के रूप में विकसित हों, संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें- जिलाधिकारी

*मैनपुरी* 28 जुलाई, 2023- जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिन विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष पौधे रोपित किए हैं, वह सभी पौधे प्रत्येक दशा में विकसित हो, इसके लिए रोपित पौधों की उचित देखरेख की व्यवस्था की जाए, पौधों को सुरक्षित रखने के लिए मुकम्मल इंतजाम हों, रोपित पौधों की समय-समय पर सिंचाई, निराई की व्यवस्था की जाये, वृक्षारोपण स्थलवार कर्मचारियों को नामित कर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि शासनादेश के क्रम में उपलब्ध बजट के सापेक्ष 05 प्रतिशत राशि रोपित पौधों की देखभाल पर व्यय किए जाने का प्राविधान प्रदेश स्तर से किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सर्वाधिक पौधे ग्राम्य विकास, राजस्व, कृषि, पंचायती राज विभाग द्वारा रोपित किए गए हैं, संबंधित विभाग के अधिकारी उक्त प्राविधान के तहत उपलब्ध बजट के सापेक्ष 05 प्रतिशत की धनराशि पौधों की देखरेख, संरक्षण पर व्यय करें, इस धनराशि से ब्रिकगार्ड, ट्रीगार्ड, खाई खुदान के कार्य के साथ-साथ पौधों की देखरेख के लिए केयरटेकर की व्यवस्था करें, हर हाल में पौधों को संरक्षित किया जाए ताकि वह विकसित होकर आगे आने वाली पीढ़ी को शुद्ध




पर्यावरण के साथ-साथ ऑक्सीजन प्रदान करने का कार्य करें। श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि 01 सप्ताह व्यतीत होने के पश्चात भी रोपित पौधों की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग का कार्य नहीं हुआ है, पशुपालन विभाग द्वारा मात्र 02.28, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मात्र 04.11, सहकारिता विभाग द्वारा मात्र 05.11, राजस्व विभाग द्वारा 24.06, परिवहन विभाग द्वारा 25.71, बेसिक शिक्षा द्वारा 26.17, माध्यमिक शिक्षा द्वारा 25.19 प्रतिशत जियो टैगिंग का कार्य किया गया है, कृषि, पर्यावरण, रेशम, उद्योग, ऊर्जा, श्रम, रेलवे, युवा कल्याण, होमगार्ड, व्यवसायिक शिक्षा, खाद्य सुरक्षा औषधि, खाद्य एवं रसद, नियोजन, दुग्ध विभाग की जियो टैगिंग की प्रगति शून्य है। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को हिदायत देते हुये कहा कि अगले 02 दिन में शत-प्रतिशत जियो टैगिंग कर रिपोर्ट वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने रोपित पौधों के सापेक्ष वन विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण द्वारा शत-प्रतिशत जियो टैगिंग करने पर सम्बन्धित अधिकारियों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने गंगा समिति की समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी पंचायत राज विभाग द्वारा अभी तक जनपद की नदियों के किनारे स्थापित ग्रामों में से 57 ग्रामों की सूचना वन विभाग को उपलब्ध नहीं कराई है, विकास खंड मैनपुरी के 07, कुरावली के 22, घिरोर के 08, करहल के 11, बेवर के 16 ग्राम, जो नदियों के किनारे बसे हैं, की सूचना पंचायत राज विभाग के अधिकारी अगले 02 दिन में वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि तहसील में वन विभाग की भूमि अमल दरामद हेतु शेष है, उसे प्राथमिकता पर अमल दरामद कर वन विभाग के नाम दर्ज की जाए। उन्होने अधिशाषी अधिकारियों, अधिशाषी अभियंता जल निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि ठोस अवशिष्ठ प्रबन्धन, मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के बेहतर प्रबन्ध किये जायें और उसकी सूचना वन विभाग को उपलब्ध करायी जाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर. सी. गुप्ता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस.एन. मौर्य, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, किशनी, घिरोर, नवोदिता शर्मा, अंजलि सिंह, आर.एन. वर्मा, नितिन कुमार, डिप्टी कलेक्टर सै. सानिया सोनम एजाज, जिला विद्यालय निरीक्षक सुधीर कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी कयामुद्दीन अंसारी, जिला कृषि अधिकारी सूर्यप्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरूण कुमार शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा पाण्डेय, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एडीएम की अध्यक्षता में

इटावा। जिला सड़क सुरक्षा व जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि तिलखर बंबा पर ब्लैक स्पोट्‌र्स अवश्य लगाए जाएं। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएल का सत्यापन अवश्य कराया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाए साथ ही सभी स्कूलों के वाहनों की सूची अवश्य उपलब्ध कराएं एवं परिवहन यान समिति बनाकर वाहनों की चेकिंग की जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु आम जनमानस से अपील की। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि विपरीत दिशा में वाहन चालक पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत करने की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिय। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी



को सड़क दुर्घटना पर होने वाली घटनाओं पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में घटित हो रही दुर्घटनाओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्तव्यो का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया करें जिससे कि होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अनाधिकृत वाहन संचालन के विरूद्ध पूरे जनपद में संयुक्त चौकिंग अभियान चलाया जाये। उन्होंने एनएचएआई को निर्देश दिये कि जनपद में चिन्हित किये गये नवीन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, ब्लैकस्पॉट्स के दोनों तरफ नियमानुसार निर्धारित दूरी से पहले ब्लैकस्पॉट चेतावनी बोर्ड लगाये जायें एवं समस्त सुरक्षात्मक कार्य भी किये जायें। एसपी सिटी कपिल देव सिंह ने पुलिस विभाग को यातायात नियमों का पालन कराने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाया जाए एवं नशे की हालत में वाहन चालक के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोंड, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ससुराल की धमकी से डरकर फांसी लगाई, मौत

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौली में पत्नी के द्वारा विषाक्त पदार्थ सेवन करने के बाद ससुरालियों द्वारा जेल भिजवाने की धमकी से भयभीत पति ने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हुई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में गुरुवार की सुबह दस बजे गांव निवासी 35 वर्षीय अजय राजपूत की 28 वर्षीय पत्नी सरोज ने अज्ञात कारणों के चलते जूं मारने वाले विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जब उसकी हालत बिगड़ी तो स्वजन सहित उसका पति अजय उसको उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां कि जब उसकी हालत में सुधार हुआ तो वह अपनी मां श्यामवती को पत्नी के पास छोड़कर वापस घर लौट आया। जहां कि उसने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जब उसकी हालत बिगड़ी तो गांव के लोग उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पंहुच पाते कि रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की मां श्यामवती पत्नी स्वर्गीय फूल सिंह ने रोते बिलखते



बताया कि पैसों को लेकर उसके पुत्र अजय और पुत्र वधू के बीच अक्सर झगड़ा होता था जिसके चलते गुरुवार को पुत्र बधू सरोज ने जूं मारने वाले विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था उसकी हालत बिगड़ने पर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था वहीं पर उसके मायके पक्ष के लोग भी पंहुच गए थे। उन लोगों ने उनके पुत्र अजय को धमकाया कि वह सरोज के विषाक्त पदार्थ खाने और उसका उत्पीड़न की शिकायत पुलिस से करके उसे जेल भिजवाएंगे। ससुरालियों की इस बात से अजय भयभीत हो गया और गांव वापस आकर उसने भी जहरीले पदार्थ का सेवन करके अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से पूर्व मृतक अजय ने एक नोट भी अपनी चाची सुशीला पत्नी स्वर्गीय भान सिंह को सौंपा था वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम से संबोधित नोट नुमा प्रार्थना पत्र में अजय ने अपने ससुरालियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए न्याय दिलाने की गुहार की है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक अजय की पत्नी सरोज के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। मृतक मोबाइल टावर में प्राइवेट नौकरी करता था उसके तीन पुत्र राघव (8) रिषभ (5) सुमित (4) के अलावा आठ महीने की पुत्री छवि है। अजय की मौत के बाद जहां उसके इन बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया वहीं वेबा मां श्यामवती और वेबा चाची सुशीला की बुढ़ापे की लाठी भी छिन गई । वहीं उसका एक छोटा भाई भी है जो अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है। वहीं इस संबंध में चौकी इंचार्ज देवीचरण साहू से इस मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# महिला का कमरे के रोशनदान में दुपट्टे के फंदे से लटका शव मिला

**इटावा/भरथना** नगर के मोहल्ला टीला खुशालपुर में बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे घर में अकेली मौजूद नितिका (22) पत्नी राजवीर का कमरे के रोशनदान में दुपट्टे के फंदे से लटका शव देखकर सास माया देवी की चीख निकल गई और वह अचेत हो गई।चीख सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुच गए और घटना की पुलिस को सूचना दी। पड़ोसियो ने बताया कि एक साल पहले राजवीर और नितिका की शादी हुई थी,राजवीर हथठेली सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण करता है जबकि उसकी मां माया देवी मंडी समिति में फड़ साफ सफाई का कार्य करती



है।बृहस्पतिवार को राजवीर व उसकी मां अपने अपने काम पर गए थे।माया देवी के वापस आने पर अंदर से दरवाजा बंद था,हाथ डालकर किसी तरह दरवाजा खुलने पर माया देवी अंदर गई तो नितिका का मृतावस्था में फांसी पर लटकी मिली। मृतिका का मायका जिला औरैया के झरुलिया गांव में है। घटना की सूचना पर कस्बा चौकी इंचार्ज मोहनवीर सिंह,एसआई अनिल कटियार आदि मौके पर पहुच गए और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई में जुट गए।

## मगरमच्छ ने मवेशी को चंबल नदी में खींच कर मारा, क्षेत्र की जनता में हड़कंप

चकरनगर, इटावा। तहसील चकरनगर के यमुना चंबल के संगम भरेह में पानी पीने के दौरान एक पशुपालक की मवेशी को मगरमच्छ पकड़ कर पानी में खींच ले गया। जिसे मगरमच्छ के द्वारा आधे घंटे बाद मृत छोड़ा गया। घटना से नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण जनता को पानी किनारे से भी दूर रहने की अपील की। भरेह थाना के गांव अम्दापुर निवासी पशु पालक राधेश्याम निषाद नित्य की भांति गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे चकरपुरा गांव के नीचे संगम किनारे चंबल नदी में पशुओं को पानी पिला रहे थे, इसी दौरान अचानक एक मगरमच्छ करीब एक वर्ष का भैंस का बच्चा पकड़ कर पानी में खींच ले गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी पशु पालक की चीख-पुकार पर कुछ ही समय में पड़ोसी गांव के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए, शोरगुल सुनकर करीब आधे घंटे के उपरांत मगरमच्छ ने बीच नदी में मरे हुए मवेशी को छोड़ दिया। तदोपरांत सैंक्चुअरी की टीम के द्वारा मोटर बोट से मरे मवेशी को नदी किनारे पार पर लाया गया। उक्त मगरमच्छ की घटना से आसपास के गांव में बसी आबादी में भय व्याप्त हो गया है। दरअसल नदियों का जल स्तर बढ़ने के दौरान नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीणों के साथ प्रतिवर्ष अक्सर घटनाएं घटित होती हैं, बावजूद इसके भी आम नागरिक सीख लेने को तैयार नहीं है। पिछले वर्ष भी थाना क्षेत्र के ख्यालीपुरा की 14 वर्षीय किशोरी मुस्कान पुत्री विक्रम केवट को घड़ियाल पानी में खींच ले गया था। घटना के संबंध में सैंक्चुअरी विभाग की टीम ने पशु पालक के द्वारा पशु का पोस्टमार्टम न कराने की बात कहते हुए, मुआवजा न मिलने की बात कही। विशुन पाल सिंह चौहान, सैंक्चुअरी वन दारोगा रेंज ने बताया कि मगरमच्छ के द्वारा मारे गये मवेशी के पोस्टमार्टम कराने की सूचना पशु पालक ने विभाग को नहीं दी, इससे पशुपालक को मुआवजा नहीं मिल सकता है।

## राहुल गांधी देश में प्यार व मोहब्बत का पैगाम दे रहे- कोषाध्यक्ष



इटावा। कांग्रेस कार्यालय पर आवश्यक बैठक हुई। बैठक में 2024 के चुनाव से संबंधित चर्चा हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे ने कहा देश तथा प्रदेश में अराजकता का माहौल है हमारे नेता राहुल गांधी देश में प्यार और मोहब्बत का पैगाम दे रहे हैं उन्होंने कहा देश में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है और देश के प्रधानमंत्री राहुल गांधी बनने जा रहे हैं हम सभी राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए चुनाव में जीत जी तोड़ मेहनत करेंगे और गठबंधन के तहत शीर्ष नेतृत्व का जो भी निर्णय होगा उसे हम सभी कार्यकर्ता मानेंगे और देश में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, कमला वर्मा, आरबी सिंह पाल, करण सिंह राजपूत, रामजीवन कुशवाह, श्याम सिंह कुशवाहा, विष्णुकांत मिश्रा, मनोज दीक्षित, लालमन बाथम, महेश कटारे, मेहरबान सिंह यादव, मनीष मिश्रा, अमित अग्निहोत्री, अवनीश वर्मा, सुनीता कुशवाहा, सरला जाटव, स्वाति गोयल, गुलशन सरवरी बेगम, आसिफ जादरान, सूर्यांश शंकर दीक्षित, शिवा ठाकुर, आनंद दुबे, आसाराम कठेरिया, आनंद वर्मा, रामसुंदर दुबे, मिथलेश कुशवाह उपस्थित रहे।

## तमंचा के साथ वीडियो डालने पर गिरफ्तार

इटावा। इंटरनेट मीडिया पर तमंचे के साथ वीडियो बना रहे 19 वर्षीय अंकित यादव पुत्र अवधेश कुमार निवासी कुंअरा भरथना को फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने कोकपुरा जाने वाले अंडरपास से गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार की रात में फ्रेंड्स कालोनी पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी तभी उसको सूचना मिली कि एक व्यक्ति जिसकी इंटरनेट मीडिया पर तमंचा व कारतूस के साथ वीडियो प्रचलित हो रही है, वह ऊसरा अड्डा

## स्वस्थ्य रहने हेतु पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़ एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण,ली परेड की सलामी

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने रिजर्व पुलिस लाइन औरैया में परेड की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। तथा परेड के दौरान आने वाले अधि0/कर्म0गणों को कमियों से अवगत कराते हुए उनमें सुधार करने हेतु निर्देशित किया और सभी पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक किया, प्रतिसार निरीक्षक द्वारा परेड को स्वस्थ्य रहने हेतु दौड़ लगवायी गयी तथा अनुशासित रहने हेतु परेड को ड्रिल कराकर शस्त्राभ्यास कराया गया तथा डायल 112 की गाडियों की दंगा नियंत्रण उपकरणों की किट की चेकिंग की गई व रिस्पांस टाइम बेहतर करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान एसपी द्वारा मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई व खाने की गुणवत्ता को परखा गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में अर्दली रूम कर हाजिरी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया गया जो भी कमियां पाई गई संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगणो को जल्द से जल्द सुधार करने के निर्देश देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गयें। परेड/निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक औरैया समेत अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक संपन्न

**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली 28 जुलाई। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में ली। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। खरीफ वर्ष 2023 के लिए फसल बार प्रस्तावित बीमित धनराशि एवं प्रीमियम की दरों पर उन्होंने चर्चा की और बीमा कंपनियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को अपनी फसलों का बीमा कराने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 3 वर्ष की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की बैठक संपन्न जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की बैठक बचत भवन में की। इस दौरान उन्होंने इस योजना के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को चयनित करते हुए उन्हें इन परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाए। साथ ही उन्हें इसके माध्यम से रोजगार सृजन करके अन्य लोगों को भी लाभार्थी बनाए जाने के लिए प्रेरित किया जाए।

## अपर जिलाधिकारी (प्र0) ने की वरासत अभियान की जांच

**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**



रायबरेली 28 जुलाई। शुक्रवार दिनांक 28-01-023 को राजस्व ग्राम जहानपुर कोडर पर0 व तह0 सदर में वरासत अभियान की जांच ए.डी.एम (प्रशासन) द्वारा ग्राम में स्थित पंचायत भवन में ग्रामवासियों से उपस्थित में की गयी है। मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों के समक्ष राजस्व ग्राम, जहानपुर कोडर की खतौनी पढ़ कर सुनाई गयी। खतौनी पर दर्ज खातेदारो में से 17 खातेदारों के मृतक होने की पुष्टि ग्रामवासियों द्वारा की गयी। सभी मृतक खातेदारों की वरासत दर्ज की जा चुकी है। उपरोक्त में से मृतक खातेदारो कमलजीत पुत्र रामधनी, बाबूलाल पुत्र शीतलदीन, बाबूलाल पुन रामचरन, मशरूफ अली पुत्र मो. यासीन, जीराम पुत्र रामचरन, तुलसीराम पुत्र सूरज दीन, राधा पत्नी गोविन्द, केवलावती पत्नी महादेव, छोटू पुत्र शीतल, गंगाप्रसाद पुत्र जगन्नाथ के वारिसान मौके पर उपस्थित रहे। जिनको नकल खतौनी ए0डी0 एम (प्रसाशन) द्वारा प्रदान की गयी।

## पुलिस के फंदे में फसा बिहारी ठग कविराज 7.40लाख के असली नोट की जगह रख गया था कागज की गड्डियां

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**


चित्रकूट - बियर कारोबारी से मेलजोल बढाकर दुकान में रखा रूपयों भरा बैग चुराकर कागज भरा बैग रखकर चूना लगाने वाले बिहार के एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही 10 हजार रूपए भी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगढ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मनका गांव के निवासी विनय पाण्डेय पुत्र स्व इन्द्र कुमार पाण्डेय की बियर की दुकान है। दुकान में नियमित रूप से होने वाली बिक्री समेत अन्य धनराशि विनय एक बैग में रखते थे। कुछ दिनों पूर्व बिहार के रोहतास जिले के नटवार थाने के महरोड निवासी दिनेश कुमार उर्फ कविराज पुत्र जितेन्द्र प्रसाद और कैमूर जिले के दुर्गावती थाने के मथुरा निवासी मंजीत कुमार पुत्र मनोज ने विनय से मेल जोल बढाया। मित्रता बढने पर विनय ने दोनों पर भरोसा किया तो एक दिन दोनों युवक विनय का सात लाख 40 हजार रूपए भरा बैग लेकर गायब हो गए। विनय को धोखे में रखने के लिए दोनों ने जाने के पहले हूबहू विनय के बैग के डिजाइन वाला दूसरा बैग कागज की गड्डियों के ऊपर फर्जी नोट लगाकर रख दिया। जब विनय ने बैग को अच्छी तरह से देखा को उसे धोखधडी और चोरी का पता चला। जिसकी रिपोर्ट उसने थाने में दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने इस मामले में ठगों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। बरगढ थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि थाने के उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, प्रभुनाथ यादव व सिपाही चन्दन विश्वकर्मा, राहुल दीक्षित ने दो आरोपियों में से एक दिनेश कुमार उर्फ कविराज को अरवारी मोड तिराहे से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 10 हजार रूपए भी बरामद हुए हैं।

# शहबदिया ग्राम प्रधान की निर्मम हत्या का एसपी ने किया 36 घण्टे में खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

### हत्या के प्रयुक्त आला कत्ल भी पुलिस ने किया बरामद

### गांव की शादीशुदा महिला से अवैध सम्बन्ध में बलात्कार के अभियोग के डर से की थी हत्या





**माधव संदेश/आकाश** औरैया (ब्यूरो)। बीते 26 जुलाई की शाम हुई ग्राम प्रधान शहबदिया रमाकान्त उर्फ रिन्कू की हत्या का मात्र 36 घण्टे में एसपी ने एसओजी व गठित की गई पुलिस टीम के सहयोग से सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले अभियुक्त एवं उसके साथी को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा । एसपी ने शुक्रवार को अपने कैंप ऑफिस में प्रेस वार्ता कर बताया कि घटना के अनावरण हेतु गठित टीमों द्वारा घटना के बाद से लगातार साक्ष्य सकलन का कार्य किया जा रहा था एवं घटना से सम्बन्धित कई व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम प्रधान रमाकान्त उर्फ रिन्कू की हत्या में शामिल 2 अभियुक्त (गौरव पुत्र अनिल एवं सुधांशु पुत्र आदेश निवासी शहवदिया) को ग्राम शहवदिया जाने वाले रास्ते पर बनी पुलिया के पास से घेराबन्दी करते हुए गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने ग्राम प्रधान की हत्या करना स्वीकारा तथा अभियुक्तों की निशानदेही पर घटनास्थल के पास ही स्थित तालाब के अन्दर से आलाकत्ल फरसा (कुल्हाटी) को भी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि अभियुक्तों से हत्या के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि अभियुक्त गौरव के गांव की ही एक महिला चाहत (काल्पनिक) से प्रेम प्रसंग था और अभियुक्त गौरव उससे पीछा छुड़ाना चाहता था। इसलिए अभियुक्त गौरव (जो राजाबाबू के ट्रक पर क्लीनर का काम करता है) द्वारा राजाबाबू के साथ यह योजना बनायी कि यह चाहत (काल्पनिक) को मिलने के लिये खेतों में बुलायेगा और तो वह यहां आकर हम दोनों को पकड़ लेना, जिससे चाहत (काल्पनिक) बदनामी के डर से अभियुक्त गौरव का पीछा छोड़ देगी। बीते 25 जुलाई की शाम को अभियुक्त गौरव ने योजनाबद्ध तरीके से चाहत (काल्पनिक) को मिलने के लिये खेतों पर बुलाया एवं कुछ देर बाद ही राजाबाबू अपने दो अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंच गये तीनों ने वहां पहुंचकर गौरव व चाहत (काल्पनिक) को पकड़कर डांट फटकार लगायी। उक्त घटना के सम्बन्ध में पति को पता चलने के डर व उसके नाराज होकर उसे छोड़ देने के डर से चाहत (काल्पनिक) द्वारा अपने पति और ससुर को बताया गया कि संजय कुमार, राजा बाबू व अनिल उर्फ सोनू द्वारा उसके साथ छेडछाड व अभद्रता की गयी है जिस पर चाहत (काल्पनिक) के पति द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस कार्यवाही के लिये कहा गया परन्तु चाहत (काल्पनिक) चाहती थी कि प्रधान भी उसके पति को यही बताये कि उसके भाई और उसके साथियों ने उसके साथ छेडछाड व अभद्रता की ।चूंकि चाहत (काल्पनिक) द्वारा स्वयं को बचाने के लिये अपने पति को बतायी गयी बातो के अनुसार इस मामले में प्रधान का भाई भी फंस रहा था जिसे प्रधान रिंकू बचाना चाहता था। इसी दौरान घटना वाले दिन सुधांशू ने प्रधान रिकू को यह कहते हुए सुना कि मैं अपने निर्दोष भाई और बाकी लोगों को गलत नहीं फसने दूंगा। गौरव का चाहे कुछ भी हो, उसने गलत किया तो खुद भुगते। यह सारी बातें सुधांशू (जो अभियुक्त गौरव की मौसी का बेटा है) ने गौरव को बता दिया। घटना की शाम को इसी बता को लेकर राजा बाबू, अनिल उर्फ सोन और सुधांशू के साथ गौरव को समझा रहे थे जिसके बाद यह घटना स्थल पर पहुंचे जहां पहले से उदल और प्रधान रिन्क मौजूद थे। मृतक रिंकू द्वारा उदल को चाहत (काल्पनिक) के ससुर को बुलाने हेतु उसके घर भेज दिया तथा गौरव को भी यहाँ से जाने के लिये कहा और बाकी लोग बातचीत करके अपने अपने घर चले गये। सुधांशू पूर्व नियोजित घर न जाकर अधेरे का फायदा उठाकर पुलिया के पास पेड़ के नीचे छुपकर गौरव के वापस आने का इन्तजार करने लगा इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति शौच हेतु खेतों में गया जिसे देखकर सुधांशु गाव की ओर जाने लगा इसी दौरान गौरव अपने घर से लकड़ी काटने वाली कुल्हाडी पेन्ट में छुपाकर लाया और सुधांशु रास्ते में मिल गया। दोनों से गौरव द्वारा पूर्व में खरीदे हुए दस्ताने एक एक पहनकर प्रधान पर हमला कर दिया और रिंकू घायल होकर नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी जिसके बाद अभियुक्त द्वारा कुल्हाडी को तालाब में और प्रधान के मोबाइल व दस्तानों को झाडियों में फेंक कर भाग गये थे। बरामदगी में आलाकत्ल परसा (कुल्हाडी), 2 बियर की कैन खाली, 1 जोड़ी रक्तरंजित सर्जिकल लगज , गौरव की हरे रंग की फुल सर्ट (स्क्लरजित), सुधांशु की टी-शर्ट (रक्तरंजित), मृतक का मोबाइल है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रवीण कुमार मय एसओजी एवं सर्विलास प्रभारी आदि है। मालूम हो कि बीते 26 जुलाई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम शहवदिया को जाने वाले रास्ते पर गांव से 400-500मीटर पहले किसी ने ग्राम प्रधान शहवदिया रमाकान्त उर्फ रिंकू की हत्या कर दी थी। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था एवं जनपदीय फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके से साक्ष्य संकलन आदि कार्य किये गये थे। उक्त घटना के सम्बन्ध में मृतक रमाकान्त उर्फ रिन्कू के भाई संजय कुमार की तहरीर के आधार पर धारा 147, 302 भादवि व 3(2) वी एससी / एसटी एक्ट बनाम 5 नामजद एवं 2 अज्ञात अनियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। वही जनपद में हुई ग्राम प्रधान शहबंदिया की सनसनीखेज घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने क्षेत्राधिकारी नगर महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एसओजी, कोतवाली एवं जनपदीय फील्ट यूनिटकी टीमों का गठन किया गया था।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत सड़क सुरक्षा समिति और विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**



**रायबरेली 28 जुलाई। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा पकवाड़ा के अंतर्गत जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयो के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि जनपद में टैक्सी स्टैंडो का संचालन ठीक कराया जाए और अवैध वसूली करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। फ्लाई ओवर तथा राष्ट्रीय राजमार्गों का निरीक्षण करते हुए खराब लाइटों की मरम्मत कराई जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने रायबरेली बाईपास बछरावां से लालगंज बाईपास पर अब तक की गई कार्यवाही की स्थिति जानी। ब्लैक स्पॉट को ठीक कराने के आवश्यक निर्देश दिए। लालगंज डलमऊ बाईपास के दोनों तरफ क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक कराने के लिए उन्होंने कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पाए जाने वाले कट को बंद किया जाए और वहां पर सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं जिससे कि दुर्घटना से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-रिक्शा के लिए मार्ग निर्धारित किया जाए और ऐसे वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने से रोका जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान कहा कि विद्यालय में सम्बद्ध दस्तावेजों की जांच कराई जाए। वाहनों की पार्किंग और उनके विश्राम स्थल का निरीक्षण किया जाए। विद्यालय वाहनों के ड्राइवरों की पात्रता और उनके कर्तव्य निर्धारित किए जाएं। ड्राइवर एवं परिचर की वर्दी निर्धारित की जाए। जनपद के समस्त विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया जाए।**

# घर घर खिलाई जाए फाइलेरिया रोधी दवा, शत प्रतिशत हो नियमित टीकाकरण

### *जनपदीय टास्क फ़ोर्स की बैठक में मिशन इंद्रधनुष और एमडीए अभियान की सफलता पर जोर*

### *विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े और दस्तक पखवाड़े की हुई समीक्षा*



**माधव संदेश/आकाश** औरैया (ब्यूरो)। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार जनपदीय टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित हुई । जिला मुख्यालय सभागार, ककोर में हुई इस बैठक का विशेष जोर अगस्त माह में प्रस्तावित मिशन इंद्रधनुष और सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की सफलता पर रहा । जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नियमित टीकाकरण से छूटे हुए प्रत्येक बच्चे का टीकाकरण सात अगस्त से प्रस्तावित अभियान के दौरान सुनिश्चित किया जाए । साथ ही 10 से 28 अगस्त तक प्रस्तावित एमडीए अभियान के दौरान प्रत्येक घर पर जाकर आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कार्यकर्ता परिवार के हर सदस्य को अपने सामने दवा खिलाएं । उन्होंने जिले में चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक पखवाड़े और विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की बृहद समीक्षा भी की । मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनिल कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों का सात बार नियमित टीकाकरण हो जाए । टीकाकारण के प्रति उदासीन परिवारों को जागरूक करने में सहयोगी संस्थाओं और प्रचार प्रसार का सहारा लिया जाए । अन्तर्विभागीय सहयोग से भी शत प्रतिशत टीकाकरण संभव है और इस संबंध में अन्य विभागों को भी दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे । आशा कार्यकर्ता दस्तक पखवाड़े के दौरान घर घर जा रही हैं और इस अभियान के तहत ही वह प्रत्येक छूटे हुए बच्चे की गुणवत्तापूर्ण हेड काउंट सर्वे सुनिश्चित करें । सीडीओ ने निर्देशित किया कि सुनिश्चित होना चाहिए कि लाभार्थी आशा कार्यकर्ता के सामने ही दवा खाएं । कोई भी आशा कार्यकर्ता किसी लाभार्थी को दवा देकर नहीं आएंगी । दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है । उन्होंने जिले में इस समय संचालित अभियानों में जिले की रैंकिंग बेहतर बनाये रखने के लिए टीम भावना से कार्य करने को कहा इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि समुदाय में संदेश दिया जाना चाहिए कि सरकारी अस्पताल का टीका सुरक्षित और असरदार है । कुछ टीकों के लगने के बाद बुखार आना सामान्य बात है और यह बुखार दवाओं से ठीक भी हो जाता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इन संदेशों से लोगों को प्रेरित कर मिशन इंद्रधनुष को सफल बनाना है। इसी प्रकार समुदाय को बताया जाए कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव के लिए पांच साल तक लगातार साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अनिवार्य है । यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को (गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोगों को छोड़ कर) दवा खानी है । एमडीए अभियान में एक से दो वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को भी पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी ।बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ और पाथ संस्था के प्रतिनिधियों ने भी प्रस्तुति दी । इस मौके पर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राकेश सिंह सहित जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, समस्त उप व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रमुख तौर पर मौजूद रहे । *पूरी है तैयारी बैठक के प्रतिभागी और अजीतमल सीएचसी के अधीक्षक डॉ.अवनीश कुमार ने बताया कि एमडीए अभियान से सम्बन्धित दवाएं मिल चुकी हैं और आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है । दस्तक पखवाड़े और नाइट ब्लड सर्वे के माध्यम से नये फाइलेरिया मरीज भी ढूंढे जा रही हैं। मिशन इंद्रधनुष और एमडीए अभियान की तैयारी पूरी है और उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश में शत प्रतिशत टीकाकरण व दवा सेवन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# व्यापारियों को भेजे गए थे शासन ने निरस्त किए- संतोष

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पिछले कई वर्षों से व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में शासन से घटना प्रदर्शन व आंदोलनों के जरिए निरंतर मांग कर रहा था उन मांगों में से प्रमुख 6 मांगों को सरकार ने मान लिया है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को व्यापारी हित में लिए गए निर्णय पर धन्यवाद देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय नेतृत्व को पिछले 6 माह में प्राप्त व्यापारियों समस्याओं का धरना प्रदर्शन ज्ञापन के माध्यम से जो आंदोलन चलाया गया था उसमें सफलता प्राप्त हुई है जिसमें जीएसटी विभाग में वर्ष 2017-18 के संबंध में व्यापारियों को प्रदेश में 6 लाख नोटिस देकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा था इस विषय पर शासन के कुछ बड़े अधिकारियों से भेंट करके उसे पूर्ण रोक लगाने का आदेश जारी कराया गया दूसरा व्यापार मंडल में श्रम विभाग से मांग की थी कि जिन दुकानदारों पर कर्मचारी कार्यरत नहीं है उनका पंजीकरण श्रम विभाग द्वारा कराया जा रहा है यह अनुचित है शासन ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मांग को मानते हुए बिना कर्मचारी वाली दुकानों प्रतिष्ठानों आदि का पंजीकरण समाप्त कर दिया है तीसरी व्यापार मंडल की मांग थी कि शॉपिंग मॉल वालों की तरह अभी व्यापारियों को साप्ताहिक बंदी वाले दिन एवं 24 घंटे दुकान खोलने की छूट दी जाए शासन ने यह मांगी भी हमारी मान ली है व्यापारियों की मांग शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर व्यापारी नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश संयुक्त मंत्री शिव कुमार सिंह चौहान प्रदेश मंत्री विवेक पोरवाल जिला प्रभारी रवि पोरवाल शिव भूषण सिंह चौहान लाल जी पोरवाल जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर हरि गोपाल शुक्ला जिला महामंत्री शैलेश जैन सुनीत सिंह चौहान रविकांत मिश्रा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीके वर्मा जिला कोषाध्यक्ष नरेश चंद यादव नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे अखिलेश कौशिक नगर उपाध्यक्ष सुमित गर्ग ललित जैन दिलीप जैन शैलेंद्र सिंह राजावत आशुतोष सिंह पमार नगर महामंत्री विवेक गुप्ता रमेश यादव नगर मंत्री शिबू तौकीर रेडीमेड एसोसिएशन के अध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय यादव इनवर्टर बैटरी एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह सब्जी मंडी अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा गल्ला मंडी अध्यक्ष विनोद यादव फल मंडी अध्यक्ष मोहम्मद मुबीन उर्फ कल्लू आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

## भारतीय व्यापार मंडल ने ट्रक ड्राइबर की मृत्यु पर श्रधांजलि दी

इटावा। भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं जिला महामंत्री आकाशदीप जैन के संयोजन में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जीएसटी विभाग कानपुर की कस्टडी में पंजाब के ट्रक ड्राइबर बलबीर सिंह की मृत्यु होने पर भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत ट्रक ड्राइबर को श्रद्धांजलि देते हुये संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रविकांत गर्ग से दूरभाष पर वार्ता करते बताया कि जीएसटी विभाग परिसर कानपुर में पंजाब के ट्रक ड्राइबर बलबीर सिंह की मृत्यु के दोषी एफआईआर में नामजद दोनों अधिकारियों को विभाग द्वारा निलंबित करके गिरफ्तार करने और एफआईआर में शामिल तीसरे अधिकारी को भी अभियुक्त बनाया जाये। जिस पर व्यापारी कल्याण आयोग के चेयरमैन ने आश्वासन दिया किया व्यापारियों का सरकार में किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नही होने दिया जायेगा एवं दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने बताया बताया 21 जुलाई को जीएसटी के अधिकारियों द्वारा ई वे बिल व टैक्स इनवॉइस जारी की हुई कानपुर से पंजाब जा रही स्क्रैप लदे ट्रक को जाँच करने एवं शक के आधार पर पकड़ कर लखनपुर ले गये थे। 23 जुलाई को ड्राइवर बलबीर सिंह ट्रक में मृत पाये गये थे। श्रधांजलि देने वालो में कानपुर मण्डल उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता, शहर अध्यक्ष रजत जैन, जिला कोषाध्यक्ष प्रशान्त दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, इब्जा अध्यक्ष पारस जैन आदि रहे।

## प्राचीन हनुमान मंदिर पर कथा समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



इटावा। श्रीमद् भागवत सप्ताह एवं भक्ति ज्ञान यज्ञ समारोह का कार्यक्रम प्राचीन हनुमान मंदिर नहर पार लखना इटावा में आज बहुत ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। उपलब्ध जानकारी के अनुसार श्रीमद् भागवत सप्ताह एवं भक्ति ज्ञान यज्ञ समारोह का कार्यक्रम प्राचीन हनुमान मंदिर नहर पार लखना इटावा में 19 जुलाई दिन बुधवार से प्रारंभ हुआ था जो आज 27 जुलाई दिन गुरुवार को संपन्न हुआ। सरस कथा वाचक आचार्य पंडित संतोष कुमार तिवारी शास्त्री जी, साहित्याचार्य, पुराणाचार्य ने निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत भक्तजनों को मधुर कंठ से कथा श्रवण कराई। परीक्षित श्रीमती शशि देवी सुरेंद्र पाल सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्यक्रम मैंने अपने श्रद्धा और भाव के साथ बुजुर्गों के आशीर्वाद से कुशलतापूर्वक करवाया था।आज का भंडारा रखा गया जिसमें समस्त भक्त जनों को आमंत्रित कर प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। परीक्षित श्री चौहान ने बताया कि बीते दिवस परीक्षित भंडारा किया गया था जिसमें श्रद्धालु भक्तों और कथा प्रेमियों को प्रसाद श्रद्धा भाव के साथ ग्रहण करवाया गया था। समस्त भक्त प्रेमियों का/कस्बा वासियों का आत्मीय सहयोग मिला जिसके चलते कार्यक्रम बजरंगबली की कृपा से पूर्ण रूप कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ।उन्होंने समस्त सहयोगियों का हृदय से आभार भी व्यक्त किया।

## जमीनी विवाद में झगड़ा के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**इटावा/भरथना।** जमीनी विवाद में झगड़ा के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में आरोपी संजीव कुमार उर्फ टिंकू को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर क्राइम दिनेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे भरथना बस अड्डे के पास से आरोपी संजीव कुमार वर्फ़ टिंकू को गिरफ्तार किया गया।गिरफ़्तार आरोपी के खिलाफ भरथना थाना में गैर इरादतन हत्या आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज है।बताते चले कि बीती 10 जुलाई को नागरबक मोहल्ला गिरधारीपुरा निवासी कमलेश तिवारी की जमीनी विवाद के झगड़े के दौरान मौत हो गई थी।

## किसान की बाइक चोरी हुई,पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

**इटावा/भरथना।** सीपुरा गांव के रामवीर सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे बाइक से खेत पर गया था,खेत के सामने बाइक खड़ी कर खेत में गया था,वापस आने पर बाइक गायब मिली,जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

## कारखानेदार मजदूरों का कर रहे उत्पीड़न-नवल सिंह -आठ की वजह दस घंटे लिया जा रहा काम

फ़िरोजाबाद। कांच उद्योग क्रांतिकारी मजदूर संघ सीटू के जिला कार्यालय पर एक बैठक रज्जो देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मजदूरों की समस्या को लेकर मंथन किया गया। सीटू के प्रांतीय नेता कामरेड नवल सिंह एडवोकेट ने कहा है कि जनपद फ़िरोजाबाद में कांच उद्योग के कारखानों में आठ घंटे के स्थान पर 10 से लेकर 11 घंटे तक श्रमिकों से जबरन कार्य कराया जा रहा है। जिसकी हम घोर निंदा करते हैं। साथ ही जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि चूड़ी उद्योग के कारखानों में सक्षम अधिकारियों को भेजकर जांच कराई जाए और श्रमिकों का उत्पीड़न तत्काल बंद कराया जाए। कांच उद्योग क्रांतिकारी मजदूर संघ के जिला महामंत्री कॉमरेड भूरी सिंह यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में कांच एवं चूड़ी उद्योग के कारखानों के सेवा आयोगों द्वारा अपने मनमानी तरीकों से कारखानों में कार्य चलाया जा रहा है तथा श्रमिकों का घोर उत्पीड़न जारी है। कारखानों में अचानक हुए हादसों में तमाम श्रमिकों की मृत्यु पर श्रम विभाग तथा जिला प्रशासन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। किन्ही श्रमिकों की मृत्यु तथा कोई अपंग होकर बिना इलाज कराए हुए कारखानों से भगा दिए जाते हैं, उनकी कहीं भी सुनवाई नहीं है ऐसे तमाम केस हैं। ऐसी स्थिति में अगर ऐसा ही उत्पीड़न होता रहा तो किसी न किसी दिन कारखानों में कार्य करने वाले श्रमिक मजबूरन सड़क पर उतरने को विवश होंगे। वहीं साप्ताहिक बंदी रविवार के दिन भी मजदूरों से जबरन कार्य कराया जाता है। जिसका कोई भी ओवर टाइम नहीं दिया जाता। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर श्रमिकों के हो रहे शोषण को हर हालत में बंद कराने की मांग की है। बैठक का संचालन राजू राठौर ने किया। इस दौरान रुमाल सिंह यादव, रमेश राजपूत, रामवीर राठौर, सोमेश कुमार चक, सलीम भाई, बब्बू, पप्पू, आदि मौजूद रहे।

## नहाने के दौरान पैर फिसलने से किशोर निचली गंग नहर के पानी मे डूबा

### पुलिस व गोताखोरों की टीम ख़ोजबीन में जुटी



**इटावा/भरथना।** क्षेत्र अंतर्गत ऊमरसेन्डा व तुरैया नहर पुल के मध्य स्थित रपटपुरा गांव के सामने निचली गंग नहर के पानी में शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे मंगूपुर गांव निवासी ब्रजेश (15) पुत्र जगदीश डूब गया। बताया जा रहा है कि ब्रजेश नहर किनारे नहा रहा था उसी दौरान पैर फिसलने से पानी में डूब गया।नहर में डूबे ब्रजेश की ख़ोजबीन को आसपास के कुछ लोगों ने पानी मे घुसकर ख़ोजबीन का प्रयास किया मगर देर तक सफलता नही मिल सकी। नहर में बृजेश के डूबने के डूबने की सूचना पर परिवारीजनों के अलावा पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी आदि मौके पर पहुँच गए और विरौधी आदि गांव से गोताखोर बुलाया गया,फिलहाल ख़ोजबीन की जा रही है।ऊमरसेन्डा,बाहरपुर नहर पुल से जाल लगाने का भी प्रबंध किया जा रहा है। पिता जगदीश ने बताया कि ब्रजेश छोटा पुत्र है वह नगला भोज गांव में मजदूरी पर धान रोपाई करने आए बड़े पुत्र राजेश के साथ गया था,वापस घर जाने के दौरान रास्ते मे नहर किनारे हाथ-पैर धोने लगा।उसी दौरान पैर फिसलने से पानी मे डूब गया। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नहर में डूबे किशोर की ख़ोजबीन के लिए गोताखोर की टीम लगी है,एनडीआरएफ टीम को सूचना दे दी गई।नहर के पुल पार जाल की व्यवस्था की जा रही है।

# प्रिंसिपल समेत चार शिक्षकों ने किया दुष्कर्म



**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट - कस्बे के एक इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा ने कहा कि उसके साथ एक नहीं, बल्कि प्रिंसिपल समेत चार शिक्षकों ने दुष्कर्म किया है। एक जनप्रतिनिधि और दरोगा ने परिवार और उस पर दबाव बनाकर मनचाही रिपोर्ट दर्ज की है। उसने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, एसपी ने सीओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बनाई है। टीम को जांच कर जल्द रिपोर्ट देने के लिए कहा है।बुधवार को हाईस्कूल की छात्रा ने आरोप लगाया कि कॉलेज के नए भवन में शिक्षक इरशाद समेत तीन अन्य शिक्षक ब्लैकमेल कर धमकी देकर चार पांच माह से दुष्कर्म करते रहे। छात्रा के बताने माता-पिता ने थाने में तहरीर दी। इस पर गणित पढ़ाने वाले कॉलेज के शिक्षक शास्त्रीनगर निवासी इरशाद के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। गुरुवार को छात्रा माता-पिता के साथ पुलिस सुरक्षा में मेडिकल परीक्षण कराने पहुंची। इस दौरान आरोप लगाया कि एक जनप्रतिनिधि और दरोगा ने दबाव बनाकर मनचाही रिपोर्ट दर्ज की है। उसके साथ प्रिंसिपल समेत चार शिक्षकों ने अलग अलग समय पर दुष्कर्म किया है।मानिकपुर थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह ने किसी तरह का दबाव बनाने के आरोप गलत बताए। कहा कि पीड़िता के परिजनों की ही तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के नाम व धाराएं घटाई बढ़ाई जाएंगी।

### मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

छात्रा से दुष्कर्म मामले में कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है। जिस वीडियो को बनाकर ब्लैकमेल करने की बात की गई है, उसकी तलाश की जा रही है। दूसरे दिन पुलिस की जांच चलती रही। छात्रा समेत आरोपी शिक्षकों के मोबाइल की सर्विलांस से पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के अनुसार इसमें एक चौंकाने वाला नाम सामने आ रहा है। उसका छात्रा के मोबाइल पर कई बार कई घंटे तक बातचीत का रिकॉर्ड है। पुलिस की जांच में यह सामने आया कि यह नंबर छात्रा के रिश्तेदार युवक का है। पुलिस उससे भी पूछताछ करेगी। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि कॉलेज के शिक्षक खुद को बचाने के लिए उसके रिश्तेदार को घसीट रहे हैं।

### छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले सभी आरोपियों को करें गिरफ्तार

छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में कई संगठनों ने विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने भी ज्ञापन देकर कॉलेज को बदनाम न कर आरोपी को ही सजा दिलाने की मांग की है।मानिकपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में एसडीएम राम जनम यादव को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि पीड़िता को तत्काल 20 लाख रुपये दिया जाए। थाने व कालेज की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित किया जाए। उधर, कॉलेज के शिक्षकों ने भी अधिकारियों से मिलकर कहा कि कॉलेज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में जिसने अपराध किया है। उसी के खिलाफ ही कार्रवाई की जाए। इसके अलावा अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधान विपिन मिश्रा के नेतृत्व में भी एसडीएम को पत्र सौंपा है। इसमें सभी आरोपियों को जेल भेजने व पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है। दरसल 10वीं की छात्रा ने अपने स्कूल के प्रिंसिपल सहित 4 लोगों पर कई महीने से लगातार स्कूल में गैंगरेप करने का गंभीर आरोप लगाया है. जिसपर पुलिस ने आरोपियों को बचाने के लिए पीड़ित छात्रा पर दबाव बनाकर सिर्फ एक टीचर के खिलाफ तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया है. इतना ही नहीं पीड़ित छात्रा ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी जान पर खतरा बताया है.

### 10वीं की छात्रा से दरिंदगी

मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र का है. जहां आदर्श इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली एक 10वीं की छात्रा ने आरोप लगाया है कि उसके स्कूल में तैनात उसका क्लास टीचर उसे प्रोजेक्ट बनाने के बहाने छुट्टी के समय रोक लेता था और उस पर अपनी गंदी नजर रखता था जिसके कुछ दिनों बाद उसने विद्यालय की नई बिल्डिंग में उसे ले जाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और उसका वीडियो बना लिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा.

### 5 महीने तक हुआ नाबालिग का बलात्कार

कुछ ही दिनों में पीड़िता की अश्लील वीडियो विद्यालय के प्रिंसिपल राकेश प्रताप सिंह चंदेल सहित दो अन्य लोगों के पास और पहुंच गया. जिसके बाद चारों लोग वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ आए दिन बलात्कार करते थे. यह सिलसिला लगभग 4 से 5 महीने तक चलता रहा. जब पीड़ित छात्रा हवस के शिकारियों से तंग आ गई तो पीड़ित छात्रा ने अपने परिजनों को घटना के बारे मन बताया. जिसके बाद परिजन ने चारों आरोपियों के खिलाफ मानिकपुर थाने में तहरीर दी है।

## कुबेर महादेव सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शिव पुराण कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को राधाकृष्ण की तस्वीर की भेंट



फ़िरोजाबाद। कुबेर महादेव सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मैनपुरी में विश्व विख्यात शिव पुराण कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से मुलाकात कर आर्शीवाद लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि फ़िरोजाबाद में 18 नवम्बर को शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने गुरू जी कहा कि फ़िरोजाबाद में भी शिव पुराण कथा का बहुत ही सुंदरता के साथ आयोजन किया जायेगा। इस दौरान कुबेर महादेव सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने गुरू जी को राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट की। इस दौरान मोहन गुप्ता, शुभम् राजपूत, शिवम् गुप्ता, सुमित गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रतीक गुप्ता आदि मोजूद रहे।

## अज्ञात हमलावरो ने बाइक सवार युवक की गोली मार की हत्या

फ़िरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र के गांव गुदाऊ के समीप बाइक सवार युवक की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर एसपी सिटी, सीओ सिटी के अलावा पुलिस बल पहुंच गया। थाना लाइनपार क्षेत्र के गांव गुदाऊ निवासी लगभग 26 वर्षीय नीरज उर्फनीरू पुत्र जगत सिंह अपने घर से बाइक द्वारा कहीं जा रहा था। उसी दौरान गांव के समीप एक दुकान के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर आदि पुलिस फ़ोर्स मौके पर पहुंच गये। वही पुलिस मामले की जानकारी कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# शहर को पालीथीन मुक्त बनाने में करें सहयोग-डीएम

### -जिलाधिकारी ने बैठक में सुनी उद्योग बंधुओ एव व्यापारियों की समस्याऐ



फ़िरोजाबाद। जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग व व्यापार बंधुओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने उद्योग बंधुओं की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना और मौके पर ही उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने शहर में बिजली कटौती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनावश्यक बिजली कटौती नही की जाए। यदि कटौती आवश्यक हो तो उसका समय पहले से निर्धारित किया जाए। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियन्ता विद्युत शहर को निर्देश दिए कि वह आम जनता का ध्यान रखते हुए बिजली कटौती कम करें और करने से पहले आम जनता को अवगत कराने का मैकेनिज्म बनाए। व्यापारियों ने शहर के तहसील चौराहा व मथुरा नगर से आर्य नगर को जोडने वाले चौराहे को विकसित करने का आग्रह किया। जिससे जैन मन्दिर चौराहे पर ट्रैफिक दबाब कम हो सके, इसके लिए जिलाधिकारी ने ट्रैफिक पुलिस, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी व एआरटीओ को मौके पर जाकर निरीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। व्यापार संगठनों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि शहर में पॉलीथीन जब्तीकरण के नाम पर जुर्माना किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी व्यापारिक संगठनों से आग्रह करते हुए कहा कि वह सभी दुकानदारों से अपील कर शहर में पालीथीन बिक्री पर पूरी तरह रोक लगवाऐ ताकि कोई दुकानदार पॉलीथीन बिक्री नही करें। उन्होने कहा कि आप सभी के सहयोग से शहर को पूर्णतः पॉलीथीन मुक्त किया जाएगा। द एसोसिएशन आफ इण्डस्ट्रीज ऑनर्स के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने अवगत कराया कि ककरऊ कोटी से पचवान तक जलेसर रोड के चौडीकरण का कार्य कराया गया है। मगर रोड पर विद्युत पोल शिफ्ट नही किए गए है और ना ही रोड के किनारे पर पानी निकासी के लिए नाली बनवायी गयी है, जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि वह जल्द विद्युत पोल शिफ्ट कराए और रोड के किनारे नाला निर्माण का प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजें। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा सी केमौर्या, सीएफ्ओ, सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं उ.प्र. व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष वीएस गुप्ता व उद्योग संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## मोहर्रम के अलविदाई ताजिये आज निकलेंगे

**इटावा। मोहर्रम के अलविदाई ताजिये आशूर को आज 29 जुलाई दिन शनिवार को सुबह 9 बजे आलमपुरा से मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा के नेतृत्व और मुशीर हैदर व राहत अक़ील की देखरेख में निकलेंगे। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया सर्व प्रथम मौलाना अनवारुल हसन जैदी पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में सुबह 8 बजे आमाल कराएंगे। इसके बाद मोहर्रम के अलविदाई ताजिये आलमपुरा से उठकर कोतवाली चौराहा, तिकोनिया, पुल कहारान, नोरंगबाद चौराहा, नोरंगबाद चौकी, पक्का तालाब चौराहा होकर बाइसख्वाजा कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक होंगे। श्री नक़वी ने तमाम मोमनीन से मोहर्रम के अलविदाई ताजियों में भाग लेने की अपील की है।**

## महिला का शव घर के अन्दर चौखट पर मिला

भरथना, इटावा। कस्बा क्षेत्र के मुहल्ला टीला खुशालपुर में बीती गुरुवार की शाम 22 वर्षीय महिला का शव घर के अन्दर चौखट पर झूलता मिला। घटना के दौरान महिला अपने घर में अकेली थी, जबकि उसका पति कुछ साथियों के साथ गली में कहीं बैठा था और महिला की सास गल्ला मण्डी में मजदूरी करने गई थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल करते हुए फिंगरप्रिंट टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाते हुए महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य के तौर पर महिला का स्मार्ट फोन कब्जे में लिया है। वहीं मृतक महिला की मां विशुकांति पत्नी स्व0 बृजकिशोर ने बेटी के ससुरालीजनों पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक महिला की मां विशुकांति पत्नी स्व0 बृजकिशोर दोहरे निवासी ग्राम जरौलिया थाना औरैया ने बताया कि उसने अपनी बेटी नीतिका 22 वर्ष की शादी विगत दिनांक 14 मई 2022 को कस्बा के मुहल्ला टीला खुशालपुर निवासी राजवीर उर्फ टीटू के साथ 3 लाख रूपये नगद व 1 लाख रूपये का घरेलू सामान सहित 4 लाख खर्च कर हर्षोल्लास के साथ की थी। कुछ दिनों बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल व 50 हजार रुपये की मांग करने लगे, वह असमर्थ थी। जिस पर उसकी बेटी का उत्पीडन किया जाता रहा। बीती गुरुवार की शाम साढ़े 6 बजे उन्हें पुलिस द्वारा फोन पर सूचना दी गई। मृतका की माँ ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई। मृतका की ससुराल में मजदूर सास और बीमार पति के अलावा घर में अन्य कोई सदस्य नहीं है। किसी प्रकार का कोई विवाद तक नहीं हुआ, बल्कि घटना के कुछ देर पहले मृतका का पति, पत्नी के साथ खाना खाकर गली में चला गया। इस बीच नीतिका ने अपने पति से स्मार्ट फोन मांग लिया, जो अब पुलिस के कब्जे में है।

## गृहक्लेश से परेशान महिला ने लगाई फांसी

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र में एक महिला ने गृहक्लेश से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव बालमपुरा के रहने वाले अजय सिंह की पत्नी पूजा देवी 38 वर्ष ने शुक्रवार सुबह साढे आठ बजे घर पर थी और घरेलू काम कर रही थी उनके पति बाहर गए हुए थे और दो छोटी बेटी विद्यालय गई थी और बड़ी बेटी गांव के बाहर खेंतो पर गाये बांधने के लिए गई हुई थी उस समय घर पर कोई नहीं था। तभी मौका पाकर घर के बारामदे में दीवार में लगे कड़ा में प्लास्टिक रस्सी से फांसी लगा कर जान देदी, गाये बांधकर बेटी घर पहुंची तो बारामदे में फांसी के फंदे पर मां को लटकता देखकर शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतिका की बेटी छाया ने बताया पापा सुबह हाईस्कूल की मार्कसीट लेने के लिए दूसरे गांव गए हुए थे और हम गए बांधने गए थे घर पर कोई नही था तभी मां ने फांसी लगाली, मृतक महिला अपने पीछे तीन बेटियां छाया, (14) वर्ष, लवी दस साल ,कविता आठ साल, पति अजय सिंह के साथ परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गई। मृतिका के पति मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण कर परिवार पाल रहा है, मृतक महिला का मायका थाना बकेवर के गांव नसीरपुर बोजा में है। थाना प्रभारी कृष्ण लाल पटेल ने बताया कि गृहक्लेश के चलते फांसी गई है।

# नगर आयुक्त ने दो वार्डो का किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था मिली खराब



फ़िरोजाबाद। शुक्रवार को नगर आयुक्त ने दो वार्डो औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त को सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्रीय इस्पेक्टर और सुपरवाइजरों के वेतन रोकने के निर्देश जेडएसओ को दिए।

शुक्रवार सुबह सात बजे नगर आयुक्त घनश्याम मीणा अधिकारियों के संग वार्ड संख्या 63 के छपरिया क्षेत्र में पहुंचे। जहॉ उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्हें समूचे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। इसके अलावा नालियों में फ्लोटिंग पाई गई एवं लार्वा भी मिला। क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे मिले। वहीं खाली प्लाटों में गंदगी व जलभराव मिला। क्षेत्रिय सफाई नायक द्वारा नियमित रूप से सफाई कार्य भी नहीं कराया जा रहा और ना ही नालियों एवं एंटी लार्वा दवा एवं पाइरीथ्रम का छिड़काव नहीं किया जा रहा था। इसके बाद नगर आयुक्त ने वार्ड सं. 56 के उर्दू नगर का निरीक्षण किया। वहॉ पर सफाई व्यवस्था संतोष जनक नहीं मिली। नगर आयुक्त ने जेडएसओ संदीप भार्गव को दोनो ही वार्डो में तैनात इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह और शैलेन्द्र सिंह के अलावा दोनो क्षेत्रीय सुपरवाइजरों के वेतन रोकने के आदेश जारी किए। साथ ही क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने को कहा। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी अरविंद भारती के अलावा क्षेत्रिय पार्षद रिजवान मंसूरी मौजूद रहे।

# रवि दहिया के घुटने की सर्जरी, छह महीने के लिए मैदान से बाहर

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया की घुटने की सर्जरी हुई, जिससे वह इस साल के किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।



दहिया को फरवरी में दाहिने घुटने में एसीएल और एमसीएल चोटों का पता चला था और वह पुनर्वास के बाद भी ठीक नहीं हो सके। वह पिछले हफ्ते एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल (57 किग्रा) में क्वालिफिकेशन राउंड में आतिश टोडकर से हार गए और दर्द के कारण मैट छोड़ दिया। वह एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले पाएंगे। सर्जरी मुंबई में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने की। दहिया ने एशियाई खेलों के ट्रायल की तैयारी के लिए वापसी में जल्दबाजी की थी। दहिया की अनुपस्थिति में एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अमन सहरावत बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। सहरावत ने एशियाई खेलों का ट्रायल जीता और उम्मीद है कि वह विश्व खिताब भी जीतेंगे।

# दिल्ली स्टेट सीनियर हॉकी चैंपियनशिप : श्याम लाल कॉलेज सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** श्याम लाल कॉलेज ने दिल्ली हॉकी सीनियर स्टेट पुरूष चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्याम लाल कॉलेज ने क्वार्टर फाइनल मैच में दिल्ली टाइगर हॉकी क्लब को 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। यहां के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में खेली जा रही चैंपियनशिप में श्याम लाल कॉलेज की तरफ से विनीत और रवि वर्मा ने दो-दो गोल,आशीष सहरावत और रोशन ने एक-एक गोल किया। वहीं, दिल्ली टाइगर क्लब की तरफ से मोहित, साहिल,ललित और पवन चौहान ने एक-एक गोल किया।

# जापान ओपन : एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

**टोक्यो।** भारत के पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने यहां दूसरे दौर के मुकाबले में जापान के कांता त्सुनेयामा को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। 21 वर्षीय सेन, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर हैं, ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में 50 मिनट तक चले मुकाबले में त्सुनेयामा को 21-14, 21-16 से हराया। एक अन्य पुरूष एकल वर्ग में भारतीय खिलाड़ी एच एस प्रणय ने हमवतन किदांबी श्रीकांत को 19-21, 21-9, 21-9 से हराकर अंतिम 8 में प्रवेश किया। 800,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, जिन्होंने पिछले हफ्ते कोरिया ओपन जीता था, डेनमार्क की जोड़ी जेप बे और लासे मोल्हेज को सीधे सेटों में 21-17, 21-11 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालाँकि, ट्रीसा जॉली और पुलेला गायत्री गोपीचंद की शीर्ष महिला युगल जोड़ी जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा की विश्व नंबर 7 जोड़ी से 21-23, 19-21 से हारकर बाहर हो गई।



# एशियाई खेलों में भारतीय फुटबॉल टीमों की भागीदारी पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी एशियाई खेलों 2023 में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की भागीदारी पर खुशी व्यक्त की। खेल मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय फुटबॉल टीमों को आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने की छूट दी। एशियाई खेल 23 सितंबर से चीन के हांगझू में आयोजित किए जाएंगे। बता दें कि खेल मंत्रालय के नियम में कहा गया है कि टीम खेलों में, केवल शीर्ष आठ में शामिल टीमें ही हिस्सा लेंगी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल पुरुष और महिला टीमें वर्तमान में क्रमशः 18वें और 11वें स्थान पर हैं। हालाँकि, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दोनों टीमों को छूट देते हुए कॉन्टिनेंटल शोपीस इवेंट में भागीदारी की पुष्टि की है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधान मंत्री ने कहा, 'भारत भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए बहुत


Tweets Replies Media Likes

Kalyan Chaubey @kalyanchaubey · 13h
Indeed sir , Sh @narendramodi ji. With your blessings, the Indian men's & women's team will go into Asian Games after a gap of 9 years.

It's an important break for #IndianFootball , We thank you for your encouragement & pro-sports policy for India.

Narendra Modi @narendramodi · 14h
Great news for football fans across India! It will also encourage upcoming talent in this sport. twitter.com/kalyanchaubey/...

20 95 1,132 28.2K

अच्छी खबर! इससे इस खेल में उभरती प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।'भारतीय पुरुष टीम, जो नौ साल के अंतराल के बाद पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेगी, ने 1951 में उद्घाटन संस्करण और इसके बाद 1962 में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, 1970 में टीम ने कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों में फुटबॉल एक अंडर-23 टूर्नामेंट है जिसमें एक टीम में इससे अधिक उम्र के तीन खिलाड़ियों को भी अनुमति दी जाती है।

# 60 खिलाड़ियों ने उत्तीर्ण की जिला स्तरीय ताईक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा

**मुरादाबाद ।** मुरादाबाद के वरिष्ठ ताईक्वांडो कोच शाहवेज अली ने बताया कि लाजपत नगर स्थित थापा ताईक्वांडो एकेडमी में रैड बेल्ट व रैड वन बेल्ट के लिये करायी गई थी। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शाहवेज अली ने आगे बताया कि परीक्षा में चार कलर बेल्ट परीक्षा हर तीन महीने में करायी जाती है। उसमें सभी खिलाड़ियों की पूमसे, सेल्फ डिफेंस, किक्स, पंच व फिजिकल



जिला स्तरीय कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें ताईक्वांडो के 60 खिलाड़ियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। यह परीक्षा येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ग्रीन वन बेल्ट, ब्लू बेल्ट, ब्लू वन बेल्ट, वर्ष से तीस वर्ष तक के खिलाड़ियों ने जीतोड़ मेहनत की व नन्हें-मुन्हें बच्चों ने प्रदर्शन से हैरान कर दिया, साथ ही सभी खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट भी लिया गया। कोच केशव थापा ने बताया कि फिटनेस टेस्ट लिया जाता है। जिले मे ताईक्वांडो खेल का विकास अधिक रूप से किया जा रहा है जिसमें जिले के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मुरादाबाद का नाम रोशन कर रहे हैं।

# कुलदीप को पसंद है चहल का साथ, कहा–उनके जैसे सीनियर खिलाड़ी से आत्मविश्वास मिलता है

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि उन्हें लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का साथ पसंद है। कुलदीप ने मैच के बात पत्रकारों से कहा, ÷जब आपकी मदद के लिए चहल जैसे सीनियर खिलाड़ी हों तो इससे आपको काफी आत्मविश्वास मिलता है। हम पांच या छह साल से एक साथ खेल रहे हैं इसलिए उन्होंने वास्तव में मदद की है। कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, हम बस एक-दूसरे को बेहतरीन कंपनी देते हैं।' मैच में अपने प्रदर्शन पर कुलदीप ने कहा, ÷ अच्छी गेंदबाजी की शुरुआत तेज गेंदबाजों से हुई, मुकेश, पदार्पण कर रहे हैं। शार्दुल और हार्दिक को भी विकेट मिले, इसके बाद मैंने और जडेजा ने बाकी काम किया। बस दिनचर्या और लय का पालन कर रहा हूं और पिछले एक साल में यह अद्भुत रहा है।'कुलदीप ने कहा, 'विकेट लेने से ज्यादा महत्वपूर्ण है लेंथ पर ध्यान देना। लोग कहते हैं कि यह सीमिंग का स्वर्ग है और मुझे खुशी है कि स्पिनरों ने हमारी तरफ से सात विकेट लिए और कुछ उनकी तरफ से भी। पिच थोड़ा घूम रहा था और उछाल भी था।'इस बीच, वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप, जिन्होंने 43 रन बनाकर अकेले संघर्ष किया, ने भारत के खिलाफ अपनी टीम द्वारा दूसरा सबसे कम वनडे स्कोर दर्ज करने पर अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा,'हमने उस तरह से नहीं खेला जैसा हमें चाहिए था। चुनौतीपूर्ण पिच पर हमें स्कोर करने के तरीके ढूंढने होंगे। मैं कोई बहाना नहीं बना रहा हूं लेकिन क्रिकेट देखने वाला कोई भी व्यक्ति देख सकता है कि यहां क्या हो रहा है। लेकिन हमें स्कोर करने के तरीके खोजने होंगे।'उन्होंने कहा, ÷सील्स एक गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ी है। निवेश करने लायक। हम जानते थे कि यहां शुरुआत मुश्किल होगी और भारतीय गेंदबाजों ने इस सतह पर अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन फिर से हमने बहुत अच्छी बल्लेबाजी नहीं की।' मैच की बात करें तो इस मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिये और पूरी टीम 23 ओवर में 114 रनों पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने 43, ब्रैंडन किंग ने 17 और एलिक अनाथाजे ने 22 व शिमरोन हेटमायर ने 11 रन बनाए। इन चारों को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सका। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 4, रवींद्र जडेजा ने 3 शार्दुल ठाकुर, मुकेश कुमार और हार्दिक पांड्या ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारत ने ईशान किशन (52) के शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत 22.5 ओवर में 5 विकेट पर 118 रन बनाकर मैच जीत लिया। किशन के अलावा सूर्यकुमार यादव ने 19, रवींद्र जडेजा ने नाबाद 16 और कप्तान रोहित शर्मा ने नाबाद 12 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से गुडाकेश मोती ने 2, जेयडन सील्स और यानिक कारिया ने 1-1 विकेट लिया।



# टखने में दर्द की शिकायत के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर हुए सिराज

**ब्रिजटाउन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को टखने में दर्द की शिकायत के बाद एहतियात के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया से रिलीज कर दिया है। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान जारी कर सिराज को वनडे टीम से बाहर करने की घोषणा की है। सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले टखने में दर्द की शिकायत की, जो गुरुवार से केंसिंग्टन ओवल बारबाडोस में खेली जानी है। एहतियात के तौर पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने तेज गेंदबाज को आराम करने की सलाह दी है। टीम ने 29 वर्षीय तेज गेंदबाज की जगह लेने के लिए किसी प्रतिस्थापन खिलाड़ी को नहीं बुलाया है।

बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से पहले मोहम्मद सिराज को टीम इंडिया की वनडे टीम से रिलीज कर दिया गया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के टखने में दर्द है और एहतियात के तौर पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। टीम द्वारा 27 जुलाई, 2023 को बारबाडोस में शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए किसी प्रतिस्थापन खिलाड़ी की मांग नहीं की गई है।'एकदिनी श्रृंखला के लिए भारत की टीम इस प्रकार है- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर , रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

# सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हटे डेनियल मेदवेदेव और निक किर्गियोस

**वाशिंगटन।** रूसी टेनिस स्टार डेनियल मेदवेदेव और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस 31 जुलाई से शुरू होने वाले सिटी ओपन से हट गए हैं। मेदवेदेव ने वाशिंगटन एटीपी 500 इवेंट में तीन पूर्व अवसरों पर प्रतिस्पर्धा की है, जिसमें उनका 8-3 का रिकॉर्ड है। वर्ष 2019 में वह फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें किर्गियोस से हार का सामना करना पड़ा था। 27 वर्षीय मेदवेदेव ने 2023 सीजन में पांच खिताब अर्जित किए हैं। मेदवेदेव ने रॉटरडैम, दोहा, दुबई, मियामी और रोम में जीत हासिल की है। एटीपी रैंकिंग में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने आखिरी बार विंबलडन में प्रतिस्पर्धा की थी, जहां वह पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें कार्लोस अल्कराज के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। किर्गियोस, ने दो बार के 2019 और 2022 में वाशिंगटन ओपन का खिताब जीता था। चोट के कारण उन्होंने इस साल केवल एक प्रतियोगिता (पिछले महीने स्टटगार्ट) में प्रतिस्पर्धा की है। इससे पहले, सिटी ओपन ने घोषणा की थी कि केविन एंडरसन एटीपी 500 इवेंट में वाइल्ड



कार्ड के रूप में केई निशिकोरी और गेल मोनफिल्स के साथ शामिल होंगे। एंडरसन पिछले सप्ताह न्यूपोर्ट में संन्यास से लौटे, जहां उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## कारोबार

# बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** सिर्फ एक दिन की तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार ने आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ की थी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने खरीदारी के सपोर्ट से मामूली तेजी भी दिखाई लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही चौतरफा बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लुढ़कते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग, एनर्जी, ऑयल एंड गैस तथा ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। दूसरी ओर रियल्टी और फार्मास्युटिकल्स सेक्टर के शेयरों में आमतौर पर खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई के मिडकैप इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स भी 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार में आई कमजोरी की वजह से शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति करीब 35 हजार करोड़ रुपये घट गई। बीएससी में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घट कर 303.25 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन



बुधवार को बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 303.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह सिर्फ आज के कारोबार से ही शेयर बाजार के निवेशकों को लगभग 35,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आज कुल 3,703 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,776 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और 1,783 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए जबकि 144 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के कल के मार्केट प्राइस पर ही बंद हुए। इसी तरह बीएसई के सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ 10 शेयर खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में बंद हुए, जबकि 20 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 126.92 अंक की तेजी के साथ 66,834.12 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार शुरू होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 66,984.17 अंक तक पहुंचा। इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिससे ये सूचकांक लगातार नीचे गिरता चला गया। आज का कारोबार खत्म होने के कुछ देर पहले ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 923.43 अंक का गोता लगाकर 646.46 अंक की गिरावट के साथ 66,060.74 अंक तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी आधे घंटे में हुई खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स ने निचले स्तर से करीब 200 अंक की रिकवरी करके 440.38 अंक की कमजोरी के साथ 66,266.82 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई का निफ्टी आज 72.60 अंक की बढ़त के साथ 19,850.90 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से इसने 19,867.55 अंक तक की छलांग लगाई। इसके बाद बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक ने भी नीचे गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण शाम 3 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 264 अंक लुढ़ककर 174.75 की कमजोरी के साथ आज के सबसे निचले स्तर 19,603.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

# वित्त वर्ष 2023–24 में 6 से 6.3 फीसदी रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर : डेलॉयट इंडिया

**नई दिल्ली।** वित्तीय परामर्शदाता डेलॉयट इंडिया ने भारत की विकास दर पर सकारात्मक टिप्पणी की है। डेलॉयट इंडिया ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6 से 6.3 फीसदी रह सकती है।

डेलॉयट इंडिया ने जारी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं जारी रहने के बावजूद भारत में मजबूत आर्थिक गतिविधियां जारी हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6 से 6.3 फीसदी के बीच रहेगी। वित्तीय परामर्शदाता डेलॉयट इंडिया ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं



कम होने पर अगले दो साल में इसकी वृद्धि दर 7 फीसदी से भी ज्यादा रह सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था के जुझारूपन को ध्यान में रखते हुए डेलॉयट इंडिया आर्थिक परिदृश्य को लेकर आशावादी है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर वैश्विक अनिश्चितताएं कम होती है, तो अगले दो साल में विकास दर 7 फीसदी से भी ज्यादा रह सकती है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में तेजी को देखते हुए हमने वृद्धि दर के अनुमान की निचली सीमा बढ़ा दी है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है।

# भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, SBI रिसर्च में दावा

**नई दिल्ली।** एसबीआई रिसर्च ने अपनी इकोरैप रिपोर्ट में कहा है कि यदि भारत अपनी वृद्धि की मौजूदा दर को बरकरार रखता है तो यह जापान और जर्मनी जैसे देशों को पीछे छोड़कर 2027 (2027-2028) में दुनिया तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। इससे पहले एसबीआई रिसर्च ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। रिपोर्ट के अनुसार दिलचस्प बात यह है कि 2022-2027 के बीच भारत की वृद्धि ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था के वर्तमान आकार 1.8 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, इस दर से भारत हर दो साल में अपनी इकोनॉमी में 0.75 अरब डॉलर जोड़ सकता है, जिसका मतलब है कि भारत 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। 2027 तक वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान चार प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत की जीडीपी का हिस्सा फिलहाल 3.5 प्रतिशत है, जो 2014 में 2.6 प्रतिशत था और इसके 2027 में चार प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अनुमानों से संकेत मिलता है कि जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीसरा स्थान हासिल करेगा उस समय तक कम से कम दो भारतीय राज्य महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के मामले में 500 बिलियन अमरीकी डालर के निशान को पार कर जाएंगे। इकोरैप रिपोर्ट के अनुसार, 2027 में प्रमुख भारतीय राज्यों का जीडीपी आकार वियतनाम, नॉर्वे जैसे कुछ एशियाई और यूरोपीय देशों के आकार से अधिक होगा।

## पाकिस्तान में बरसात का कहर, 10 की मौत, नदी-नाले उफान पर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में मानसून की बरसात कहर बरपा रही है। पिछले पांच दिन से मूसलाधार पानी बरस रहा है। बाढ़ और भूस्खलन से हालात बेहद खराब हैं। इस प्राकृतिक आपदा में गुरुवार को कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। पहाड़ी इलाकों के नदी-नाले उफान पर हैं। गांव बाढ़ से घिरे हैं। शहरी इलाके जलमग्न हैं। देश भर में मिट्टी के अधिकांश घर नष्ट हो गए। पाकिस्तान के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि 30 जुलाई तक देश के ऊपरी और मध्य हिस्सों में जोरदार मानसून गतिविधि होने की संभावना है। इस समय रावी नदी और सतलज नदी के तटीय इलाकों में पानी भर गया है। इन नदियों पर बने तीन बांध लबालब हैं।

## अफगानिस्तान में एक हफ्ते में बाढ़ से 47 लोगों की मौत

काबुल, 28 जुलाई (हि.स.)। अफगानिस्तान में बरसात से नदी-नाले उफान पर हैं। कई जगह बाढ़ आ गई है। पिछले एक हफ्ते में बाढ़ से कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। 74 अन्य लोग घायल हैं। पानी के सैलाब में 41 लोग बह गए। उनका अब तक कुछ पता नहीं है। तालिबान के नेतृत्व वाले प्राकृतिक आपदा प्रबंधन राज्य मंत्रालय के प्रवक्ता शफीउल्लाह रहीमी ने यह जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि मैदान वर्दक, काबुल, कुनार, पाकिता, खोस्त, नूरिस्तान, नंगरहार, गजनी, पक्तिका और हेलमंद में हाल ही में आई बाढ़ के कारण यह जनहानि हुई है। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक फैजुल्लाह जलाली स्टानिकजई के अनुसार, वारदाक प्रांत में सबसे अधिक 32 लोगों की मौत हुई है। 500 घर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा 250 मवेशियों की भी मौत हो गई।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने गोपनीय दस्तावेजों की जांच में बाधा डालने के लिए फ्लोरिडा में मौजूद अपने आवास मार-ए-लागो में निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज को डिलीट करा दिया। संघीय अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ यह मुकदमा कोर्ट में दाखिल करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के एक प्रतिनिधि ने दिसंबर 2021 में राष्ट्रीय अभिलेखागार को बताया था कि उनके आवास मार-ए-लागो में राष्ट्रपति से संबंधित कई रिकॉर्ड पाए गए। प्रेसिडेंशियल रिकॉर्ड्स एक्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस के दस्तावेज अमेरिकी सरकार की संपत्ति होते हैं। इनको वहीं संरक्षित किया जाना होता है। खास बातय है कि जनवरी 2022 में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने ट्रंप के फ्लोरिडा घर से गोपनीय दस्तावेजों के 15 डिब्बे बरामद किए थे। अगस्त 2022 में मार-ए-लागो में अमेरिकी जांच एजेंसी ने कुल 11,000 दस्तावेजों वाले 33 से अधिक बक्से और कंटेनरों को जब्त किया था। इनमें 100 वर्गीकृत दस्तावेज शामिल थे।

# हिजाब नहीं पहनने पर धमकी मिलने के बाद ईरानी शतरंज खिलाड़ी ने ली स्पेन की नागरिकता

**मैड्रिड।** हिजाब नहीं पहनने पर धमकी मिलने के बाद ईरानी महिला शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम के नाम से मशहूर सारा सादत खादेमलशरीह ने स्पेन की नागरिकता ले ली है। यह जानकारी स्पेन सरकार ने दी है। ज्ञात रहे कि दिसंबर में सारा ने कजाकिस्तान में एक प्रतियोगिता में बिना हिजाब के भाग लेने पर ईरान सरकार ने विरोध किया था। उस दौरान विरोध से बचने के लिए सारा खादेम जनवरी में स्पेन चली गई थी। हाल ही में सारा खादेम को स्पेनिश नागरिकता प्रदान की गई है। इस बात की जानकारी स्पेन सरकार ने 27 जुलाई (गुरुवार) को दी। कजाकिस्तान में आयोजित फिडे वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में बिना हिजाब के बिना हिस्सा



लिया, जो ईरान के सख्त इस्लामिक ड्रेस कोड के तहत अनिवार्य है। सारा खादेम के ऐसा करने के कारण ईरान में उसके घर पर उसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। ईरान में अनिवार्य हिजाब पहनने को लागू करने वाले कानून से अशांति के दौरान सितंबर के मध्य में 22 वर्षीय ईरानी-कुर्दिश महिला महसा अमिनी की नैतिकता पुलिस की हिरासत में मृत्यु हो गई। 26 वर्षीय सारा ने बताया कि उसे अपने देश के लिपिक नेतृत्व के खिलाफ विरोध आंदोलन के समर्थन में अपने कर्मों पर कोई पछतावा नहीं है। वहीं, स्पेन के आधिकारिक राजपत्र में कहा गया है कि कैबिनेट ने 25 जुलाई (मंगलवार) को खादेम को उसके मामले की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नागरिकता देने को मंजूरी दे दी।

## अमेरिका में जल्द हो सकती है दीपावली की छुट्टी, ग्रेस मेंग ने किया दिवाली दिवस बिल पेश

**वाशिंगटनः** दिवाली एक ऐसा त्योहार है, जिसे देश ही नहीं दुनियाभर में धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में, अमेरिका की सांसद ग्रेस मेंग ने दिवाली वाले दिन संघीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन सहित विभिन्न धर्मों के लाखों अमेरिकी दिवाली मनाते हैं। इसलिए इस दिन अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।



**यह बिल किया पेश** वकील से नेता बनी मेंग ने देश में दिवाली वाले दिन संघीय अवकाश घोषित किए जाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में दिवाली दिवस बिल पेश किया है। उन्होंने कहा कि मई में पेश किए गए विधेयक को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। कुछ भी नकारात्मक नहीं सुना है। हमारे पास हर हफ्ते हस्ताक्षर करने वाले सदस्य होते हैं और इसलिए हम इसके बारे में बात करते रहने के लिए उत्साहित हैं। उम्मीद है कि हम इसे पारित करने में सक्षम होंगे।

**त्योहारों की अहमियत समझने के लिए जरूरी** मेंग ने कहा कि यह सिर्फ एक दिन की छुट्टी के बारे में नहीं है। बल्कि जो लोग दिवाली मनाते हैं, उनके साथ अन्य लोग भी शामिल होकर इस त्योहार की अहमियत समझ सकेंगे। न्यूयॉर्क शहर के क्वींस में पली-बढ़ी मेंग ने कहा कि वह हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहती थीं कि सभी समुदायों के त्योहार पर सरकारी छुट्टियां हों। उन्होंने कहा कि आशा है कि दिवाली दिवस बिल जल्द पास हो जाए। अरबों लोग मनाते हैं दिवाली

47 वर्षीय सांसद ने कहा कि एक एशियाई अमेरिकी के रूप में मेरे लिए दिवाली का त्योहार महत्वपूर्ण है। हजारों न्यूयॉर्क वासियों और दुनिया भर के अरबों लोगों द्वारा दिवाली मनाई जाती है। इस दिन यह सुनिश्चित हो कि हमें अवकाश मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि दिवाली वाले दिन स्कूल की छुट्टी हो, इसके लिए हम करीब 10 वर्षों से अधिक समय से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारतीय अमेरिकियों ने अमेरिका में बहुत योगदान दिया है। भारतीय अमेरिकी इस देश में सबसे बड़ी एशियाई अमेरिकी आबादी में से एक हैं। सांसद ने कहा कि उन्होंने हमारी संस्कृति से लेकर शिक्षा जगत और हमारी अर्थव्यवस्था तक में बहुत योगदान दिया है। इसलिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम उनके महत्वपूर्ण योगदान और छुट्टियों को पहचानें जो भारतीय अमेरिकी मनाते हैं।

## जम्मू कश्मीर में आतंक फैलाने को अलकायदा बना रहा नया आतंकी संगठन, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में खुलासा


**संयुक्त राष्ट्र।** जम्मू कश्मीर को निशाना बनाने के लिए आतंकी संगठन अलकायदा तैयारी में कर रहा है। इसके लिए वह अफगान तालिबान व अन्य संगठनों के साथ हाथ मिला रहा है। इसका खुलासा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक रिपोर्ट में हुआ है। अल-कायदा बांग्लादेश और म्यांमार में अपने अभियान का विस्तार करने के लिए क्षेत्रीय सहयोगी को आकार दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एनालिटिकल सपोर्ट एंड ए सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम द्वारा अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट के ग्लोबल ऑपरेशन पर रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि अल-कायदा के अफगानिस्तान में अनुमानित 400 लड़ाके हैं, जबकि उसका सहयोगी, भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) में लगभग 200 लड़ाके हैं। एक्यूआईएस का नेतृत्व ओसामा महमूद कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के एक अनाम सदस्य देश के आकलन का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-



कायदा जम्मू-कश्मीर, बांग्लादेश और म्यांमार मेंअपने अभियानों को फैलाने के लिए एक्यूआईएस को आकार दे रहा है। इस सदस्य देश नेयह भी बताया कि एक्यूआईएस के कुछ सीमित लड़ाके या तो आईएसआईएल-के के साथ जुड़ने या सहयोग करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट में अफगानिस्तान में मौजूद ग्लोबल आतंकी नेटवर्क के इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत चैप्टर का भी जिक्र किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक अन्य सदस्य देश ने एक्यूआईएस के तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ विलय की संभावना की ओर इशारा किया है। एक्यूआईएस अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से उत्साहित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सदस्य देश ने आकलन किया है कि एक्यूआईएस पाकिस्तान के भीतर बढ़ते हमलों के लिए टीटीपी को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। एक्यूआईएस बनानेकी घोषणा अल-कायदा के पूर्वप्रमुख अयमान अल-जवाहिरी नेसितंबर 2014 में की थी। पाकिस्तान स्थित असीम उमर इस आतंकी संगठन का मूल नेता था। जब अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियान के दौरान उमर मारा गया था तब ओसामा महमूद 2019 में एक्यूआईएस का प्रमुख बन गया। ओसामा महमूद को पाकिस्तानी नागरिक माना जाता है। क्षेत्र में इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत के साथ एक्यूआईएस के सहयोग की अब तक कोई रिपोर्ट नहीं है।

# पाकिस्तान : देश की सुरक्षा व सेना से जुड़ी जानकारी के खुलासे पर पांच साल जेल, सीनेट से विधेयक पास

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब देश की सुरक्षा व सेना से जुड़ी जानकारी का खुलासा करने वाले व्यक्ति के लिए पांच साल तक जेल का प्रावधान कर दिया गया है। इस आशय का विधेयक पाकिस्तान की सीनेट ने पारित कर दिया। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार इस समय गुप्त दस्तावेज के मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर मुकदमा चलाने के प्रयास कर रही है। इसी बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सीनेच के समक्ष पाकिस्तान सेना अधिनियम, 1952 में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया। सीनेट ने इस विधेयक को पास कर दिया। विधेयक में कहा गया है कि जो व्यक्ति पाकिस्तान की सुरक्षा और लाभ के लिए आधिकारिक क्षमता में प्राप्त जानकारी का अनधिकृत खुलासा करेगा उसे पांच साल तक के कठोर कारावास की सजा दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि सेना प्रमुख या अधिकृत अधिकारी की अनुमति से खुलासा करने वाले व्यक्ति को दंडित नहीं किया जाएगा। विधेयक में यह भी कहा गया है कि जो कोई भी देश और पाकिस्तानी सेना के हितों के खिलाफ जानकारी का खुलासा करेगा, उसके खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता



अधिनियम और सेना अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि कोई व्यक्ति अपनी सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र या सेवा से बर्खास्तगी के दो साल बाद तक किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा। न ही संवेदनशील ड्यूटी पर तैनात किसी व्यक्ति को अपनी सेवा के बाद पांच साल तक राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने की अनुमति होगी। कोई भी व्यक्ति राजनीतिक गतिविधियों को छोड़कर अन्य धाराओं के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो उसे दो साल तक की सजा हो सकती है। नए कानून के मुताबिक सेना अधिनियम के किसी इलेक्ट्रॉनिक अपराध में शामिल किसी व्यक्ति का मकदस यदि पाकिस्तान सेना को बदनाम करना है, तो उसके खिलाफ पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक अपराध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति सशस्त्र बलों के खिलाफ नफरत फैलाता या उन्हें बदनाम करता पाया गया तो उसे जुर्माना और दो साल तक की कैद हो सकती है। सेना अधिनियम में संशोधन के विधेयक के अलावा, छावनी अधिनियम, 1924 और रक्षा आवास प्राधिकरण इस्लामाबाद अधिनियम, 2013 में संशोधन के लिए दो अन्य विधेयक भी सीनेट द्वारा पारित किए गए।

## नेपाल सुप्रीम कोर्ट ने कोशी राज्य सरकार के गठन को असंवैधानिक करार दिया

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव थापा के नेतृत्व वाली कोशी प्रांत सरकार के गठन को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने अगली सरकार बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आदेश दिया। कोर्ट ने सरकार बनाने में स्पीकर बाबूराम गौतम के हस्ताक्षर के इस्तेमाल को असंवैधानिक बताया है। फैसले में कहा गया है कि जिस तरह स्पीकर को निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए, वैसी भूमिका सांसदों की नहीं निभाई जा सकती। कोर्ट ने 2 अगस्त तक नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। नेपाल के कोशी प्रांत में उद्धव थापा ने नेपाली कांग्रेस, सीपीएन (माओवादी



सेंटर), सीपीएन (यूनाइटेड समाजवादी पार्टी) और जनता समाजवादी पार्टी के साथ-साथ स्पीकर के समर्थन से प्रांतीय विधानसभा में बहुमत पेश किया था। उन्हें छह जुलाई को राज्य प्रमुख परशुराम खापुंग ने मुख्यमंत्री नियुक्त किया था।सीपीएन (यूएमएल) ने सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर कर कहा था कि कोशी राज्य सरकार का गठन असंवैधानिक तरीके से किया गया है। 93 सदस्यीय कोशी राज्य विधानसभा में अध्यक्ष गौतम सहित 47 सांसद हैं। सीपीएन यूएमएल और आरपीपी के पास 46 सांसद हैं।

## उत्तर कोरिया के तानाशाह ने रूसी रक्षा मंत्री को दिखाया हथियारों का जखीरा

**प्योंगयांग।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बीच उत्तर कोरिया दौरे पर पहुंचे रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू को उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने हथियारों का जखीरा दिखाया। इन हथियारों में वे अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें भी शामिल हैं, जिनकी मार करने की क्षमता अमेरिका तक है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू उत्तर कोरिया पहुंचे तो स्वयं उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने उन्हें उत्तर कोरिया की सैन्य क्षमता से परिचित कराया। उन्होंने रूसी रक्षा मंत्री को अपने ड्रोन भी दिखाए। तस्वीरों को देखकर लग रहा है कि उत्तर कोरिया ने अमेरिका के ग्लोबल



हॉक और रीपर ड्रोन की नकल तैयार करने की कोशिश की है। किम जोंग उन, रूसी रक्षा मंत्री को एक हथियार प्रदर्शनी में भी ले गए, जहां उत्तर कोरिया के कुछ नए हथियारों को रखा गया था। किम जोंग उन और सर्गेई शोइगू ने सैन्य मुद्दों और क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल पर चर्चा भी की। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने 'राष्ट्रीय रक्षा तथा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के माहौल को लेकर आपसी चिंता के मामलों' पर सहमति व्यक्त की। किम ने शोइगू को देश की सैन्य क्षमताओं का विस्तार करने की राष्ट्रीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शोइगू ने उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन नाम के साथ भी बातचीत की, जिसका उद्देश्य 'दोनों देशों के रक्षा विभागों के बीच सहयोग को मजबूत करना' था।

## कंगाल पाकिस्तान को सऊदी अरब का सहारा, दस अरब डॉलर से मिलकर लगाएंगे रिफाइनरी

**इस्लामाबाद।** भीषण आर्थिक संकट के चलते कंगाली के कगार पर पहुंचे पाकिस्तान को सऊदी अरब का सहारा मिला है। दोनों देशों ने मिलकर दस अरब डॉलर से रिफाइनरी लगाने का फैसला किया है। पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट झेल रहा है, ऐसे में मदद को सऊदी अरब सामने आया है। तय हुआ है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब मिलकर ग्वादर में विशाल रिफाइनरी लगाएंगे। इस परियोजना पर 10 अरब डॉलर खर्च होंगे। इस रिफाइनरी के लिए पाकिस्तान की पांच सरकारी कंपनियां और सऊदी अरब की चर्चित तेल कंपनी अरमाको निवेश करेगी। पाकिस्तान इस परियोजना में 70 फीसदी पैसा लगाएगा और सऊदी अरब की कंपनी 3 अरब डॉलर खर्च करेगी। इस रिफाइनरी में हर दिन चार लाख बैरल तेल साफ करने की क्षमता होगी। दरअसल, पाकिस्तान पहले चाहता था कि सऊदी अरब पूरे 10 अरब डॉलर अकेले निवेश करे, लेकिन उसने ऐसा करने से इंकार कर दिया। पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत ही खराब होने के चलते सऊदी अरब पहले ही उसे काफी लोन दे चुका है। शहबाज शरीफ से लेकर आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर तक सऊदी प्रिंस से गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद भी सऊदी अरब ने इस परियोजना के लिए पूरा धन खर्च करने से इनकार कर दिया है। सऊदी अरब के इस रुख के बाद आखिरकार शहबाज सरकार को रिफाइनरी में 70 फीसदी पैसा लगाने के लिए बाध्य होना पड़ा है। इससे पहले सऊदी प्रिंस ने साल 2019 में यात्रा के दौरान 20 अरब डॉलर के निवेश पैकेज का ऐलान किया था, जिसमें 10 अरब डॉलर रिफाइनरी पर खर्च किया जाना था। हालांकि, अब रिश्ते खराब होने के बाद वह केवल 3 अरब डॉलर का ही निवेश कर रहा है।

## नेपाल में सोने की तस्करी में चीनी नागरिक ज़िक्वान लिन के कनेक्शन की जांच तेज

**काठमांडू।** नेपाल में सोने की तस्करी में शामिल चीनी नागरिक ज़िक्वान लिन के कनेक्शन की जांच तेज हो गई है। राजस्व जांच विभाग ने चीनी नागरिक के कार्यालय और थाहालांकि, किराए के गोदाम में ब्रेक शू तो मिले, लेकिन सोना नहीं मिला। सोना गलाने के उपकरण और तराजू मिले हैं। नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 19 जुलाई



आवास पर छापेमारी की। विभाग ने काठमांडू के उस घर पर छापा मारा, जहां जिकवांग दो चीनी नागरिकों के साथ रह रहा था। जांच टीम ने घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं। राजस्व जांच विभाग ने बुधवार को भी ब्रेक शू के उस गोदाम पर छापेमारी की थी, जहां जिकवांग सोने का प्रबंधन करता था। वहां से 1162 ब्रेक शू बरामद किये गये हैं। ब्रेक शूज़ के अंदर सोना छिपाकर लाया गया को 100 किलोग्राम सोना बरामद किया गया था। 20 जुलाई को आव्रजन विभाग ने चीनी नागरिक को उस वक्त पकड़ लिया, जब वह चीन भागने की फिराक में था। सोने की तस्करी में अब तक 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ व्यापारियों की जांच की गई है। इस घटना को लेकर नेपाल के प्रमुख नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए हैं।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।